अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 9314505000 | लॉग ऑन करें: www.chamaktarajasthan.com

RNI No. RAJHIN/2011/40950

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

# चमकता राजस्थान

Email- chamaktarajasthan8789@gmail.com | जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित | डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2022-23

जयपुर, मंगलवार, 29 अगस्त 2024 | वर्ष : 14 | अंक : 15 | पृष्ठ : 8 | दैनिक प्रात: कालीन | मूल्य: 1 रूपया

## जनकल्याणकारी योजनाओं में राजस्थान बना मॉडल स्टेट मिशन

# 2030 से प्रदेश को बनाएंगे देश का अग्रणी राज्य : मुख्यमंत्री

**चमकता राजस्थान, जयपुर, ।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को जोधपुर के बासनी में मरूधरा इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के जगशांति सभागार एवं लता रमेश पारेख स्किल डवलपमेंट सेंटर का लोकार्पण किया। उन्होंने यहां एंटरप्रेन्योर ''लोगो'' का अनावरण भी किया। गहलोत ने समारोह में कहा कि औद्योगिक विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी नीतियों और इण्डस्ट्री फ्रैंडली माहौल से प्रदेश में निवेश बढ़ा है। साथ ही, कुशल वित्तीय प्रबंधन से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार एवं आधारभूत संरचना विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में राजस्थान देश का मॉडल स्टेट बन गया है। उन्होंने कहा कि 11.04 प्रतिशत जीडीपी विकास दर के साथ राजस्थान का उत्तर भारत में प्रथम और देश में दूसरे स्थान पर रहना हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की मूल भावना के अनुरूप संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा एवं सराहना पूरे देश में हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में पहली बार स्वास्थ्य का अधिकार (आरटीएच) एक्ट, राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी, महंगाई राहत कैम्प, ओपीएस बहाली, अन्नपूर्णा फूड पैकेट, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना, गिग वर्कर्स वेलफेयर फंड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक सहित अन्य योजनाओं से आमजन को राहत मिली है। आगे भी योजनाओं के



क्रियान्वयन में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। **अब मिशन-2030, बनें भागीदार :** गहलोत ने कहा कि हम सभी ने मिलकर 5 वर्षों में राजस्थान की प्रगति को 4 गुना बढ़ाया है। अब इसे 10 गुना बढ़ाने और राजस्थान को हर क्षेत्र में देश का सिरमौर बनाने की दिशा में मिशन-2030 का शुभारम्भ किया है। राज्य सरकार 1 करोड़ लोगों से सुझाव और सलाह लेकर विजन 2030 डॉक्यूमेंट जारी करेगी। इसमें प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने उद्यमियों सहित प्रदेशवासियों से उन्नत और खुशहाल राजस्थान के लिए बहुमूल्य सुझाव-विचार देने का आह्वान किया। इसके लिए वेबसाइट missionw®x®. rajasthan. gov.in के माध्यम से सुझाव दिए जा सकते है।

**अब आधुनिक जोधपुर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब जोधपुर में ट्रेनों से पानी मंगवाया जाता था। वहीं, आज जोधपुर का अत्याधुनिक विकास हो रहा है। देश की सभी प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थाएं शहर में संचालित हो रही है। राजीव गांधी फिनटेक इंस्टीट्यूट और मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी से युवाओं के सपने साकार होंगे। अब जोधपुर में गैस पाइप लाइन भी बिछने लगी है, जिससे घर-घर तक रसोई गैस की आपूर्ति सुरक्षित और निर्बाध रूप से हो सकेगी।

**सभागार और सेंटर बनेंगे उपयोगी :** आधुनिक सुविधाओं वाले जगशांति सभागार से उद्यमियों को अपने सेमिनार व अन्य कार्यक्रम आयोजित करने में आसानी होगी। वहीं, इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के सदस्य हस्ती पेट्रोकेमिकल एंड शिपिंग लि. के रुचिर पारेख द्वारा लता रमेश पारेख स्किल डवलपमेंट सेंटर के निर्माण से उद्यमियों और कर्मचारियों को उच्च प्रशिक्षण मिलेगा।

**सहयोग के लिए सम्मान, दिलाई शपथ :** समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने जगशांति सभागार और स्किल सेंटर को बनाने में विशेष योगदान के लिए 29 उद्यमियों को सम्मानित किया। जोशी ने एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिलीप सोनी सहित कार्यकारिणी को शपथ भी दिलाई। जोशी ने कहा कि मारवाड़ के लोगों ने देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नॉर्थ-ईस्ट में भी यहां के लोगों की विशेष पहचान है। उन्होंने कहा कि गहलोत के विकासकारी विजन ने राजस्थान को नई दिशा दी है। प्रदेश नवनिर्माण की दिशा में आगे बढ़ा है। उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को मजबूत करने में प्रदेशवासियों से पूरी निष्ठा के साथ अधिकाधिक भागीदारी और समर्पित भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर एमआईए भवन निर्माण समिति के संयोजक एवं रीको के स्वतंत्र निदेशक सुनील परिहार ने प्रदेश में औद्योगिक विकास में बहुआयामी एवं ऐतिहासिक कार्यों के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष श्रीमती संगीता बेनीवाल, राजस्थान राज्य पशुधन विकास बोर्ड अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोलंकी, राजस्थान संगीत नाटक अकादमी अध्यक्ष श्रीमती बिनाका जैश मालू, महापौर कुन्ती देवड़ा परिहार, जोधपुर शहर विधायक श्रीमती मनीषा पंवार, लूणी विधायक महेंद्र विश्नोई, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष वैभव गहलोत, पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिलीप सोनी, एमआईए के पूर्व अध्यक्ष भंवरलाल चौपड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एसोसिएशन के पदाधिकारी, सदस्य एवं औद्योगिक संस्थानों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रमुख शासन सचिव ने विद्यार्थियों के तनाव एवं आत्महत्या के मामलों पर जताई नाराजगी

**चमकता राजस्थान, कोटा।**

कोचिंग विद्यार्थियों में तनाव कम करने के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाईन की पालना को लेकर प्रमुख शासन सचिव शिक्षा एवं राज्य स्तरीय कमेटी के अध्यक्ष भवानी सिंह देथा ने सोमवार को वीसी के माध्यम से प्रशासनिक, पुलिस अधिकारियों एवं हॉस्टल व कोचिंग संस्थानों के साथ बैठक कर निर्देशों की समीक्षा की। प्रमुख शासन सचिव ने विद्यार्थियों के तनाव एवं आत्महत्या के मामलों पर नाराजगी जताते हुए विद्यार्थियों में तनाव कम करने के लिए कोचिंग संस्थानों एवं हॉस्टलों को गाइडलाईन की पालना करते हुए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों में आत्महत्या के तात्कालिक कारण तलाश करते हुए तनाव कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाते हुए स्थाई कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ओपी बुनकर ने कहा कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाईन की पालना प्रभावी रूप से कराई जाएगी। तनाव के कारणों को दूर करते हुए प्रत्येक रविवार को फन-डे मनाया जाएगा। बैठक में तय हुआ कि राज्य स्तरीय समिति द्वारा 2 सितंबर को कोटा में बैठक आयोजित की जाएगी।

**ये लिए निर्णय :** जिला कलक्टर ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया कि अगले 2 महीने तक किसी भी कोचिंग में कोई भी टेस्ट, कोई भी एग्जाम नहीं होगा। हर बुधवार को हाफ टाइम ही क्लास लगेगी, बाकी हाफ टाइम में पढ़ाई की जगह मनोरंजन गतिविधियां होंगी। कोचिंग संस्थान विद्यार्थियों में तनाव कम करने के लिए किसी अच्छे वक्ता या मोटिवेटर की ऑनलाइन क्लास करवाकर उसका वीडियो यूट्यूब पर डालेंगे ताकि उसका लाभ सभी को मिल सके। कोचिंग में कोर्स कम करने को लेकर भी कोचिंग संचालकों से बात की है। सभी कोचिंग संस्थान से विषय विशेषज्ञों के नाम मांगे गए हैं। विषय विशेषज्ञ की समिति बनाकर विद्यार्थियों के लिए कोर्स कम करने का सुझाव लेंगे।

स्टूडेंट थाना का प्रस्ताव भेजेंगे- सिटी एसपी शरद चौधरी ने कहा कि 2 महीने पहले स्टूडेंट सेल का गठन किया था। अब इस स्टूडेंट सेल को और बड़ा करना चाहते हैं। इसके लिए स्टूडेंट थाना खोलने के लिए प्रस्ताव बनाकर इसी सप्ताह उच्च अधिकारी को भेजेंगे।

# प्रधानमंत्री ने 51 हजार युवाओं को जॉइनिंग लेटर सौंपे

## 10 महीने में 5 लाख लोगों को नौकरी मिली; बोले- भारत जल्द टॉप-3 अर्थव्यवस्था में शामिल होगा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी 28 अगस्त को 8वें राष्ट्रीय रोजगार मेले के तहत 51 हजार 106 युवाओं को जॉइनिंग लेटर सौंपे। देश भर में 45 जगहों पर रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इस मौके पर पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने जॉइनिंग लेटर मिलने पर सबको बधाई दी और कहा कि भारत बहुत जल्द टॉप-3 अर्थव्यवस्था में शामिल होगा। पीएम मोदी ने कहा, देश के हर युवा का सपना है कि वो देश का प्रहरी बने। आप देश की सेवा के साथ-साथ यहां के नागरिकों की रक्षा भी करेंगे। इसलिए आप सभी आजादी के अमृत काल के अमृत रक्षक हैं। पीएम ने कहा, आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता देश है। सरकार के प्रयासों ने मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग को कई गुना बढ़ा दिया है। भारत में बने फोन पूरी दुनिया में बिक रहे हैं। मोबाइल के बाद भारत अब दूसरे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर फोकस करेगा।



**भारत सरकार मेड इन इंडिया लैपटॉप-टैबलेट खरीदेगी :** प्रधानमंत्री ने कहा, %वो दिन दूर नहीं है, जब मोबाइल की तरह भारत में बने एक से बढ़कर एक लैपटॉप, टैबलेट, कंप्यूटर और अन्य गैजेट्स दुनिया में हमारी शान बढ़ाएंगे। वोकल फॉर लोकल के मंत्र पर चलते हुए भारत सरकार भी मेड इन इंडिया लैपटॉप, टैबलेट खरीदने पर जोर दे रही है।

**टूरिज्म सेक्टर में 13 से 14 करोड़ लोगों को मिलेगा रोजगार :** पीएम मोदी ने कहा कि देश में फार्मा और ऑटोमोबाइल सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है। 2030 तक टूरिज्म सेक्टर से भारत की अर्थव्यवस्था को 20 लाख करोड़ से अधिक मिलने की संभावना है। इससे युवाओं के लिए 13-14 करोड़ नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

**गृह मंत्रालय के अलग-अलग विभागों में होती है भर्ती :** रोजगार मेले में जॉइनिंग लेटर मिलने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल , सशस्त्र सीमा बल, असम राइफल्स, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ दिल्ली पुलिस में भर्ती होती है।

**10 महीने में 5 लाख लोगों को जॉइनिंग लेटर मिले :** 22 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। तब क्रू ने कहा था- हमारा लक्ष्य देश के युवाओं को 2023 के अंत तक 10 लाख सरकारी नौकरियां देना है। क्रू ने पिछले 10 महीनों में 8 रोजगार मेलों में करीब 5 लाख युवाओं को जॉइनिंग लेटर दिए हैं।

**22 जुलाई को 20 से अधिक राज्यों में 7वां रोजगार मेला हुआ था :** इससे पहले 22 जुलाई को सातवें रोजगार मेले का आयोजन किया था। तब पीएम मोदी ने 70 हजार से ज्यादा युवाओं को जॉइनिंग लेटर सौंपे थे। देश में 20 से भी ज्यादा राज्यों में 44 जगहों पर इसका आयोजन किया गया था। क्रू मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़े थे। उन्होंने कांग्रेस का नाम लिए बिना उनकी सरकार के दौरान हुए फोन बैंकिंग घोटाले का जिक्र किया।

# नूंह में 51 लोगों से हुई ब्रजमंडल यात्रा, पुलिस ने मंदिर ले जाकर जलाभिषेक कराया

**नूंह, (एजेंसी)।** हरियाणा के नूंह में विश्व हिंदू परिषद, सर्वजातीय हिंदू महापंचायत और बजरंग दल के आह्वान पर हिंदू संगठनों की पैदल ब्रजमंडल यात्रा नहीं हो सकी। पुलिस नूंह बाइपास से 51 लोगों को पुलिस सिक्योरिटी में 3 गाड़ियों में लाई। उन्होंने पहले नलहरेश्वर मंदिर में जलाभिषेक किया। फिर गाड़ियों में उन्हें फिरोजपुर झिरका के रास्ते सिंगार स्थित राधाकृष्ण मंदिर पहुंचाया गया। वहां जलाभिषेक के बाद यात्रा का समापन हो गया। हिंदू संगठनों की यात्रा को सरकार और प्रशासन ने पहले ही परमिशन देने से इनकार कर दिया था। नूंह में बाहरी लोगों को मंदिर में एंट्री नहीं दी गई। सिर्फ स्थानीय लोग ही लोकल आईडी दिखाकर जा सके। वहीं सोमवार को नूंह में कर्फ्यू जैसा माहौल रहा। यहां के बाजार, स्कूल-कॉलेज सब बंद रहे। धारा 144 लागू कर दी गई है।

इससे पहले नूंह यात्रा में हिस्सा लेने अयोध्या से आए संत जगद्गुरु परमहंस आचार्य महाराज को प्रशासन ने गुरुग्राम सोहना टोल प्लाजा पर रोक दिया। इस कार्रवाई के विरोध में उन्होंने प्लाजा के पास ही आमरण अनशन शुरू कर दिया है। 31 जुलाई को ब्रजमंडल यात्रा के दौरान हिंसा हुई थी, जिसमें 2 होमगार्ड समेत 6 लोगों की मौत हो गई थी। हरियाणा के नूंह में ब्रजमंडल यात्रा के दौरान ड्यूटी पर तैनात सब इंस्पेक्टर की हार्ट अटैक से मौत हो गई। सब इंस्पेक्टर हाकमउद्दीन नूंह में बड़कली चौक पर तैनात थे। उनकी ड्यूटी क्र्र टीम के साथ लगाई गई थी। ये सब इंस्पेक्टर नगीना थाने में एडिशनल एसएचओ के पद पर तैनात थे। हरियाणा पुलिस ने नूंह में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंधों का दावा किया है। संवेदनशील इलाकों पर ड्रोन से नजर रखी जा रही है। जिले की सारी सीमाएं 27 अगस्त से ही सील कर दी गई। हरियाणा से लगने वाले दिल्ली, राजस्थान और यूपी बॉर्डर भी सील हैं।

जिले की सीमाओं पर भारी संख्या में पुलिसकर्मी और पैरामिलिट्री के जवान तैनात हैं जो आने-जाने वाली सभी गाड़ियों की तलाशी ले रहे हैं। वहीं, नूंह के स्कूल-कॉलेज, बैंक और दूसरे तमाम ऑफिस भी बंद हैं। सरकार ने मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस सेवाओं पर भी आज रात 12 बजे तक के लिए बैन लगा रखा है।

## ममता बोलीं- लोकसभा चुनाव दिसंबर में हो सकते हैं: गवर्नर आनंद बोस को चैलेंज- चुनी हुई सरकार से पंगा ना लें



**कोलकाता, (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार (28 अगस्त) को कहा- लोकसभा चुनाव दिसंबर में हो सकते हैं। भाजपा ऐसा करा दे तो हैरानी नहीं होगी। हमने बंगाल में सीपीएम के शासन को खत्म किया है, अब लोकसभा में भाजपा को हराएंगे। उन्होंने राज्य के गवर्नर सीवी आनंद बोस को चैलेंज भी दिया है। बोलीं- राज्यपाल को चुनी हुई सरकार से पंगा नहीं लेना चाहिए। वो (राज्यपाल) संवैधानिक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। मैं इस पद का सम्मान करती हूं, लेकिन उनकी असंवैधानिक गतिविधियों का समर्थन नहीं करती। ममता ने ये बातें तृणमूल छात्र परिषद के 26वें स्थापना दिवस पर कोलकाता स्थित मेयो रोड पर रैली को संबोधित करते हुए कहीं। गवर्नर बोस ने रविवार (27 अगस्त) को सिलीगुड़ी में एक नाबालिग के रेप और मर्डर की घटना पर राज्य सरकार की निंदा की थी।

उन्होंने कहा था कि मैं कन्याश्री योजना पर बोलना चाहता हूं। लड़की के जीवन के बिना कन्याश्री का क्या मतलब है। जब तक समाज एक लड़की की जान नहीं बचा सकता, तब तक बड़े-बड़े दावे करने का कोई फायदा नहीं है। बंगाल सरकार की ओर से शुरू की गई कन्याश्री योजना के तहत गरीब परिवारों की लड़कियों को आर्थिक मदद करने का प्रावधान है। जादवपुर यूनिवर्सिटी में जारी प्रदर्शनों को लेकर ममता ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश नहीं है। %गोली मारो% जैसे नारे लगाने वालों को अरेस्ट किया जाएगा। वहीं, कोलकाता के पास अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के मामले पर उन्होंने कहा कि कुछ पुलिसकर्मियों के समर्थन से कुछ लोग गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल थे।

## कांग्रेस नेता रामेश्वर डूडी की हालत अब भी नाजुक, एसएमएस में वेंटिलेटर पर रखा गया

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** राजस्थान कृषि उद्योग विकास बोर्ड के अध्यक्ष और कांग्रेस नेता रामेश्वर डूडी (60) को ऑपरेशन के बाद न्यूरो सर्जरी डिपार्टमेंट के आईसीयू में वेंटिलेटर पर रखा गया है। डॉक्टरों की माने तो उनकी स्थिति अभी नाजुक है। क्लॉट होने के बाद ब्रेन में डैमेज बहुत ज्यादा हुआ था। सात डॉक्टर्स की टीम उनकी मॉनिटरिंग में जुटी है। इधर, डूडी से मिलने सोमवार को शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला, भाजपा के उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, भूमि विकास के चेयरमैन रामनिवास गोदारा समेत अन्य लोग पहुंचे। एसएमएस के डॉक्टरों के मुताबिक डूडी को जब कल एसएमएस लाया गया था। तब उनकी हालात गंभीर थी। यहां लाने के बाद उनका ऑपरेशन करके ब्रेन से ब्लड क्लॉट को निकाला गया। ऑपरेशन के बाद उन्हें मेडिकल आईसीयू में शिफ्ट किया गया। उन्हें अब वेंटिलेटर पर रखा गया है। उन्हें अभी तक होश नहीं आया है।

**7 डॉक्टरों की टीम कर रही है मॉनिटरिंग :** ऑपरेशन के बाद डूडी की देखरेख के लिए 7 सीनियर डॉक्टरों की एक टीम बनाई गई है। जो उनकी स्थिति पर लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। इस टीम में डॉ. एसएम शर्मा, डॉ. अचल शर्मा, डॉ बी.एल. कुमावत, डॉ. संदीप माथुर, डॉ. सुधीर मेहता, डॉ. राशिम कटारिया और डॉ नीलू शर्मा है।

**दिल्ली के डॉक्टरों से भी ली जाएगी सलाह :** जयपुर के डॉक्टर अब रामेश्वर डूडी की सभी जांच रिपोर्ट्स और मेडिकल कंडिशन को दिल्ली स्थित सीनियर डॉक्टर्स के पास भिजवाएंगे। ताकि उनके आवश्यक परामर्श और सलाह लेकर उनका ट्रीटमेंट ज्यादा से ज्यादा बेहतर किया जा सके। सूत्रों के मुताबिक इसके लिए दिल्ली एम्स रिपोर्ट भिजवाई जाएगी।

# सूर्य के अध्ययन का उद्देश्य विभिन्न आकाशगंगाओं के तारों के बारे में जानकारी प्राप्त करना : इसरो

**चेन्नई, (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) आने वाले दिनों में पीएलएसवी का उपयोग करके नियोजित आदित्य-एल1 उपग्रह के साथ सूर्य की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए अपने पहले सौर खोजपूर्ण मिशन की तैयारी कर रहा है। इसरो ने कहा कि सूर्य के अध्ययन का उद्देश्य विभिन्न अन्य आकाशगंगाओं के तारों के बारे में जानकारी प्राप्त करना है। इसरो ने कहा कि सूर्य निकटतम तारा है और इसलिए अन्य सितारों की तुलना में अधिक विवरण के लिए इसका अधिक अध्ययन किया जा सकता है।

इसरो ने कहा कि सूर्य का अध्ययन करके हम अपनी आकाशगंगा में तारों के बारे में बहुत कुछ जान सकते हैं साथ ही विभिन्न अन्य आकाशगंगाओं में सितारों के बारे में भी पता लगा सकते हैं। इसरो ने कहा कि सूर्य एक बहुत ही गतिशील तारा है जो



हम जो देखते हैं उससे कहीं अधिक फैला हुआ है। यह कई विस्फोटक घटनाएं दिखाता है और सौर मंडल में भारी मात्रा में ऊर्जा छोड़ता है। यदि ऐसी विस्फोटक सौर घटनाएं पृथ्वी की ओर निर्देशित होती हैं, तो यह पृथ्वी के निकट अंतरिक्ष वातावरण में विभिन्न प्रकार की खलबली भी मचा सकता है।

इसरो न कहा कि विभिन्न अंतरिक्ष यान और संचार प्रणालियाँ ऐसी गड़बड़ी पैदा कर सकता हैं और इसलिए पहले से ही सुधारात्मक उपाय करने के लिए ऐसी घटनाओं के घटित होने से पहले प्रारंभिक चेतावनी महत्वपूर्ण है। इनके अलावा, यदि कोई अंतरिक्ष यात्री सीधे सूर्य के तेज के संपर्क में आता है, तो उसका जीवन खतरे में पड़ जाएगा। सूर्य पर विभिन्न तापीय और चुंबकीय घटनाएं अत्यधिक प्रकृति की हैं। अंतरिक्ष से सूर्य का अध्ययन करने पर इसरो ने कहा कि सूर्य विभिन्न ऊर्जावान कणों और चुंबकीय क्षेत्र के साथ लगभग सभी तरंगदैर्ध्य में विकिरण/प्रकाश उत्सर्जित करता है।

उन्होंने कहा कि पृथ्वी का वायुमंडल और उसका चुंबकीय क्षेत्र एक सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करता है और कणों और क्षेत्रों सहित कई हानिकारक तरंगदैर्ध्य विकिरणों को रोकता है। क्योंकि विभिन्न विकिरण पृथ्वी की सतह तक नहीं पहुंच पाते हैं, इसलिए पृथ्वी पर वैज्ञानिकों के उपकरण ऐसे विकिरण का पता नहीं लगा पाएंगे और इन विकिरणों पर आधारित सौर अध्ययन नहीं किए जा सकेंगे।

इसरो ने कहा कि हालाँकि, ऐसे अध्ययन पृथ्वी के वायुमंडल के बाहर यानी अंतरिक्ष से अवलोकन करके किए जा सकते हैं। इसी तरह, यह समझने के लिए कि सूर्य से सौर वायु के कण और चुंबकीय क्षेत्र अंतरग्रहीय अंतरिक्ष के माध्यम से कैसे विचरण करते हैं।इसरो ने कहा कि सूर्य लगातार विकिरण, गर्मी और कणों के निरंतर प्रवाह और चुंबकीय क्षेत्र से पृथ्वी को प्रभावित करता है। सूर्य से कणों के निरंतर प्रवाह को सौर पवन के रूप में जाना जाता है और ये अधिकतर उच्च ऊर्जा वाले प्रोटॉन से बने होते हैं। सौर हवा ज्ञात सौर मंडल के लगभग सभी स्थानों को भर देती है। सौर वायु के साथ-साथ सौर चुंबकीय क्षेत्र भी सौर मंडल को भर देता है।

## चिंतन

# तय बजट समय से खर्चने से बढ़ेंगे वित्तीय समावेशन

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया है कि जनधन योजना ने वित्तीय समावेशन में क्रांति लाई है, 50 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, लेकिन न कभी सरकार व न कभी बैंकों ने जानकारी दी है कि देश में कितने जनधन खाते ऑपरेशनल है। रोजगार और महंगाई से जूझ रहे लोगों को उपार्जन के अवसर चाहिए। जनधन खाते ने निश्चित रूप से डीबीटी को सरल बनाया, लेकिन आर्थिक तंगी के भंवर में फंसे लोगों के लाखों खाते बंद भी हुए हैं, इसलिए सरकार को ऑपरेशनल जनधन खाते की सटीक जानकारी देनी चाहिए। वित्तीय समावेशन के लिए आर्थिक अवसर पैदा करने की जरूरत है, केवल खाते खुलने भर से बात नहीं बनेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ऑटोमोबाइल, दवा, पर्यटन व खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में तेजी से वृद्धि होने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। पीएम के मुताबिक, अकेले पर्यटन क्षेत्र से 2030 तक अर्थव्यवस्था में 20 लाख करोड़ रुपये का योगदान होने की उम्मीद है और इसमें 13-14 करोड़ नए रोजगार पैदा करने की क्षमता है। लेकिन भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में पर्यटन के विकास पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिये जाने का उल्लेख करते हुए कहा है कि 'स्वदेश दर्शन योजना' के तहत मार्च, 2022 तक ग्रामीण सर्किट पर केवल 30.84 करोड़ रुपये खर्च किए गए। यह इस योजना के तहत कुल 4,239 करोड़ रुपये के व्यय का एक प्रतिशत से भी कम यानी 0.73 प्रतिशत है। अगर ग्रामीण पर्यटन पर खर्च की यह स्थिति है तो आखिर 2030 तक अर्थव्यवस्था में 20 लाख करोड़ रुपये का योगदान होने व इसमें 13-14 करोड़ नए रोजगार पैदा करने की क्षमता के दावे का क्या होगा? निश्चित रूप से ऑटोमोबाइल, फार्मा क्षेत्र अच्छा कर रहे हैं, लेकिन इनमें निजी प्लेयर हैं, पर्यटन क्षेत्र के विकास में सरकार की ओर से व्यापक निवेश की जरूरत है। सरकार अगर अपनी ही योजना व उसके लिए निर्धारित बजट के खर्च पर समयबद्ध तरीके से अमल नहीं करेगी तो आखिर लक्ष्य कैसे पूरा होगा? सरकार को कथनी व करनी के फर्क को मिटाना होगा, एक्शन प्लान से ही लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कैग की नौ अगस्त, 2023 को प्रस्तुत 'स्वदेश दर्शन योजना - पर्यटन मंत्रालय के अधीन' विषय पर प्रदर्शन आडिट रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वदेश दर्शन योजना का एक अहम पहलू 'विषय आधारित पर्यटन सर्किट का विकास' था। इन पर्यटन सर्किटों की पहचान इन स्थलों पर पर्यटकों के आने की वर्तमान संख्या, सम्पर्क, इसकी क्षमता, महत्व जैसे कारकों के आधार पर की जानी थी। इसी के अनुरूप मंत्रालय ने 15 विषय आधारित सर्किट में एक के रूप में 'ग्रामीण सर्किट' को चिन्हित किया, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में पर्यटन आधारभूत ढांचे के विकास किया जा सके। ऐसी उम्मीद की गई थी कि बेहतर आधारभूत ढांचे से पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी और इसके चलते स्थानीय समुदाय के लिए रोजगार के बेहतर अवसर सृजित किये जा सकेंगे। पर ऐसा नहीं हो सका है। सरकार की बुनियादी ढांचा की अधिकांश परियोजनाएं भी देरी से चल रही हैं, इससे लागत भी बढ़ती है। कैग ने सड़क निर्माण में तय से अधिक लागत खर्च करने का मामला भी उजागर किया है। वित्तीय समावेशन की गति बढ़ाने के लिए जरूरी है कि सरकार के तय प्रोजेक्ट्स समय पर पूरे हों।

## खेल उपलब्धि
विवेक शुक्ला



# देते रहो गौरव के लम्हे

नीरज चोपड़ा से पहले शायद ही किसी खिलाड़ी से सारा भारत सिर्फ गोल्ड की ही उम्मीद करता हो। वह भी ओलंपिक या वर्ल्ड चैंपियनशिप में। नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर देश को गौरव के लम्हे दिये। जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप का गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। उन्होंने 88.17 मीटर तक जैवलिन फेंका। इस तरह नीरज चोपड़ा वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। नीरज की प्रेरणा के चलते हमारे दो अन्य जैवलिन थ्रोअर क्रमशः किशोर जेना पांचवें और डीपी मनू छठे नंबर पर रहे। ये याद रखना जरूरी है कि खेलों में एथलेटिक्स को सबसे अव्वल स्थान प्राप्त है। खेलों की जननी है एथलेटिक्स। लेकिन, उसी एथलेटिक्स में भारत के हिस्से में ओलंपिक खेलों या वर्ल्ड चैपियनशिप में एकाध बार को छोड़कर कभी कोई बड़ी सफलता नहीं लगी थी। नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक खेलों में जेवलिन थ्रो (भाला फेंक प्रतियोगिता) में गोल्ड मेडल जीतकर साबित कर दिया कि भारत के खिलाड़ी एथलेटिक्स में भी दमखम रखते हैं। वे अब अपने हिस्से के आकाश को छूने के लिए तैयार हैं। नीरज चोपड़ा टोक्यो ओलंपिक खेलों से पहले ही अपनी स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतने के सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहे थे।

मिल्खा सिंह, गुरुबचन सिंह रंधावा, श्रीराम सिंह, पीटी उषा तथा अंजू बॉबी जार्ज जैसे धावकों ने भारत को एशियाई खेलों से लेकर राष्ट्रमंडल खेलों में कुछ पदक और सफलताएं दिलवाईं थी। पर ये सब ओलंपिक खेलों में पदक पाने से चूक गए थे। अंजू को वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य का पदक मिला था। नीरज चोपड़ा ने उस कमी को पूरा कर दिया। सच में नीरज चोपड़ा ने एक बड़ी लकीर खींच दी है। इस बार गोल्ड मेडल जीतने के जश्न के दौरान नीरज चोपड़ा ने इस बात का भी पूरा ख्याल रखा कि तिरंगे को ससम्मान सही ढंग से समेटा जाए। इन छोटी- छोटी बातों से उनके व्यक्तित्व का अंदाजा होता है। नीरज चोपड़ा ने यह जो गोल्ड मेडल देश को दिलवाया है, उसे जीतने के लिए उन्होंने कितनी कड़ी मेहनत की होगी या कितना पसीना बहाया होगा, यह अब किसी को बताने की जरूरत तो नहीं है। उन्हें सारा देश अब करीब से जानने लगा है और अपना हीरो मानता है। उन्होंने देश को स्वर्णिम क्षण देकर सच में बहुत ही बड़ा उपकार किया। भारत इनका सदैव कृतज्ञ रहेगा।




जब नीरज चोपड़ा के हमउम्र लाखों नौजवान उम्र-जनित भावनाओं के वशीभूत हो कर तफ़रीह, ऐशो-आराम में डूबे होते हैंतब नीरज चोपड़ा कड़ी धूप,बारिश और सर्दी में सूर्योदय से शाम तक मैदान पर पसीना बहाते हैं। उन्होंने कई अवरोधों का भी सामना किया होगा। पर उन्होंने न सिऱ्फ अपने मनोबल को बरक़रार रखा, बल्क़ि; अपने लक्ष्य को भी कभी अपने निग़ाहों से ओझल नहीं होने दिया। नीरज चोपड़ा की सफलताओं से हरेक भारतीय को गौरवान्वित है। उनकी यह उपलब्धि देश के लिए अमूल्य और ऐतिहासिक है। ऐसे पल हमारे नसीब में अबतक बहुत कम ही आये हैं। नीरज चोपड़ा ने जब जेवलिन हाथ में लिया तब उनकी मेहनत पर यक़ीन और भरोसा उनके चेहरे पर अंकित था। इस भरोसे ने देश की उम्मीदों को भी परवान चढ़ा दिया था और उन्होंने अपने 140 करोड़ हमवतनों को मायूस भी नहीं किया। उन्होंने देश की झोली उम्मीदों से भी ज़्यादा भर कर दे दी। नीरज चोपड़ा मिल्खा सिंह और श्रीराम सिंह की तरह भारतीय सेना के एक और शानदार खिलाडी के तौर पर उभरे है, जिन्होंने एथलेटिक्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया। नीरज चोपड़ा की लगातार सफलता के चलते अब कुछ बातें भविष्य में होती नजर आ रही हैं। पहली तो यह कि अब हमारे धावकों के सामने नीरज चोपड़ा का उदाहरण होगा कि अगर वे ओलंपिक में पदक ले सकते हैं तो हम क्यों नहीं। इससे देश भर के लाखों नौजवान एथलेटिक्स में आएँगे। वे मेहनत करेंगे और वर्ल्ड और ओलंपिक खेलों में मेडल लाने की हर चंद कोशिश करेंगे।



## सियासत
प्रभात कुमार रॉय

# आत्मघाती पाक के बिगड़ रहे हालात

आर्थिक संकट के साथ साथ पाकिस्तान राजनीतिक संकट के दौर से भी गुजर रहा है। पाक फौज की सरकार में दखलंदाजी से हालात और खराब होते गए हैं। पाकिस्तान का निर्माण हुए 75 साल संपूर्ण हुए और इस दौरान केवल 37 वर्ष ही नागरिक हुकूमत अस्तित्व में रही, जिसमें 22 प्रधानमंत्री पदासीन हुए। विडंबना है कि इनमें से कोई भी पाक़ प्रधानमंत्री अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका। पाकिस्तान के अस्तित्व में आने के बाद से 32 वर्ष तो फौज़ ने सीधे तौर पर पर शासन किया है और तक़रीबन 8 वर्षों तक पाक़ अवाम ने राष्ट्रपति शासन का दीदार किया है। अब जरूरत नए बदलाव की है, सरकार देश चलाए और फौज राष्ट्र सुरक्षा करे। भारत से दुश्मनी में वह स्वाहा ही होगा।

पाकिस्तान का राजनीतिक संकट और आर्थिक संकट वस्तुतः अत्यंत गहनता के एक दूसरे के साथ संबद्ध रहे हैं। प्रायः सभी जानकार स्वीकार करते हैं कि राजनीतिक अस्थिरता ने सीधे तौर पर पाकिस्तान में आर्थिक संकट उत्पन्न नहीं किया है, किंतु इसमें इजाफा अवश्य किया है। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की एक रिपोर्ट के मुताबिक़ पिछले साल अप्रैल में इमरान ख़ान के सत्ता से हटने तक जीडीपी 6 फ़ीसदी थी, जबकि चालू वित्तीय वर्ष में पाक़ की जीडीपी वृद्धि दर घटकर मात्र 0.6 फ़ीसदी तक रहने का अनुमान है। विगत वर्ष आई विनाशकारी बाढ़, भुगतान देय का संकट और राजनीतिक उथल-पुथल ने मौजूदा स्थिति को और भी अधिक जटिल बना दिया है।

हाल ही में 'स्टेट बैंक ऑफ़ पाकिस्तान' ने बताया था कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 4.19 अरब डॉलर रह गया है। जानकारों का कथन है कि यह धनराशि केवल एक महीने के आयात के लिए ही पर्याप्त है। पाकिस्तान को चीन से पहले ही दो अरब डॉलर की मदद मिल चुकी है। अरब अमीरात ने एक अरब डॉलर और सऊदी अरब ने एक अरब डॉलर की मदद पाकिस्तान को प्रदान की है। यह कहना मुश्किल है कि गहन आर्थिक संकट में दिवालिया होने के कगार पर खड़ा पाकिस्तान इस स्थिति से कब तक उभर पाएगा। आर्थिक अनिश्चितता ने पाक में दहशत जैसी स्थिति पैदा कर दी है। अमेरिकी डॉलर के मुक़ाबले पाकिस्तानी रुपया निरंतर गिर रहा है। विगत दिनों खुले बाज़ार में एक डॉलर की क़ीमत 310 पाकिस्तानी रुपये हो गई, जबकि वर्ष 2022 के अप्रैल महीने में इमरान ख़ान की सत्ता से बेदखली तक एक डॉलर की क़ीमत 182 पाकिस्तानी रुपयों के बराबर थी।

तोशाखाना केस के तहत इमरान खान को तीन साल की कैद-ए-बामशक्कत और एक लाख रुपये जुर्माना की सजा का ऐलान किया गया। पाकिस्तान की नेशनल ऐसम्बली भंग करके आम चुनाव का ऐलान हुआ। कार्यवाहक प्रधानमंत्री पद पर बिलोचिस्तान आवामी पार्टी के सांसद अनवारुल हक़ काकड़ को राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा मनोनीत किया गया। उल्लेखनीय है कि पाक़ संविधान के तहत कार्यवाहक प्रधानमंत्री द्वारा नेशनल एसम्बली भंग कर दिए जाने के बाद 90 दिनों के अंदर आम चुनाव आयोजित कराए जाते हैं। पाकिस्तान के राजनीतिक पटल पर इमरान खान की अनुपस्थिति ने मुस्लीम लीग और पीपुल्स पार्टी की स्थिति को काफी शक्तिशाली बना दिया है। हालाँकि इमरान खान और उनकी पार्टी तहरीक-ए- इंसाफ अनेक क्षेत्रों में कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं।

पाकिस्तान का निर्माण हुए 75 साल संपूर्ण हुए और इन 75 सालों में केवल 37 वर्ष ही नागरिक हुकूमत अस्तित्व में रही, जिसमें 22 प्रधानमंत्री पदासीन हुए। विडंबना है कि इन 22 प्रधानमंत्रियों में से कोई भी पाक़ प्रधानमंत्री अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका। पाकिस्तान के अस्तित्व में आने के बाद से 32 वर्ष तो फौज़ ने सीधे तौर पर पर शासन किया है और तक़रीबन 8 वर्षों तक पाक़ अवाम ने राष्ट्रपति शासन का दीदार किया है। पाकिस्तान की राजनीतिक अस्थिरता के कारणों



की बात करें तो सबसे अहम कारण रहे है पाक फौज़ के हुक्मरान। फौजी हुक्मरानों का हस्तक्षेप तो नागरिक हुकूमत में भी निरंतर कायम बना रहता है। तीन दफ़ा तो वहां फौजी हुक्मरानों ने सीधे तौर पर हस्तक्षेप कर फौजी हुकूमत कायम कर दी। गहन तौर से देखा जाये तो फौजी हुक्मरानों का हस्तक्षेप तो प्रत्येक हुकूमत के दौर में चलता रहता है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इमरान खान की हुकूमत भी वस्तुत फौजी हुक्मरान ने ही कायम की थी, इमरान खान ने जब फौजी हुक्मरानों के हुक्म ठुकरा कर रुस के साथ दोस्ती बढ़ाने की ठानी तो फिर अपना नतीजा देख लिया। नवाज शरीफ के साथ भी फौजी हुक्मरानों द्वारा तकरीबन ऐसा ही सलूक अंजाम दिया था। पहले जनरल मुशर्रफ ने नवाज शरीफ हुकूमत का तख्ता पटल करके पाक़ राजसत्ता का वास्तविक चरित्र पेश किया। बाद में जनरल बाजवा ने नवाज शरीफ हुकूमत को फौजी आईना दिखा दिया।


वस्तुतः पाक़ के राजनीतिक लीडरों का दौलत और सत्ता के प्रति अगाध लोभ-लालच ने पाक़ में राजनीतिक अस्थिरता को परवान चढ़ाया है। पाकिस्तान के लीडरों का चरित्र यकीनन प्रजातांत्रिक नहीं है, वरन वह सांमती रंग-ढंग से सराबोर है। तकरीबन प्रत्येक बड़े राजनीतिक लीडर पर भ्रष्टाचार के संगीन इल्जाम लगे और साबित भी हुए। आम तौर ईमानदार क़रार दिए जाने वाले इमरान खान तो तोशाखाना सरीखे मामूली लालच के केस में फँस गए और सजा पा गए। पाकिस्तान का निर्माण मुस्लिम लीग के बड़े सामंती नवाबों और जमींदारों ने कराया था, जोकि भारत के प्रति विषाक्त नफरत से लबरेज थे। वर्तमान दौर के पाक़ सियासतदानों और फौजी हुक्मरानों ने फिरकापरस्त पुरखों की आत्मघाती परम्परा को बाकायदा कायम बनाए रखा है। इस्लाम के नाम पर कायम किया गया पाकिस्तान वस्तुतः अमेरिका की पुश्तपनाही में अंतरराष्ट्रीय जेहादी आतंकवाद का सबसे बड़ा किला निर्मित हो गया। तालिबान दहशतगर्दों को तालीम और परवरिश फराहम कराने वाली पाक़ फौज़ आजकल अफ़ग़ानिस्तान के तालिबान और पाक़ तालिबान से जंग में जूझ रही है, जिसमें अभी तक एक लाख से अधिक नौजवान हलाक़ हो चुके हैं।

पाकिस्तान के बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनवा प्रांत दहशतगर्द जंग की ज्वाला में धधक रहे हैं। जेहादी दहशतगर्दी के दमखम पर भारतीय कश्मीर पर आधिपत्य करने का मंसूबा बनाने वाला पाकिस्तान कहीं अपने बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनवा प्रांतों को कहीं ना गवां बैठे, जैसा कि वर्ष 1971 की बर्बर जंग में पूर्वी पाकिस्तान (बंगला देश) को गवां दिया था।

अभी वक्त शेष है, जेहादी दहशतगर्दी को आखिरी सलाम कहकर, पाकिस्तान विश्व पटल पर अपनी रही सही साख बाकायदा बचा सकता है। फौजी हुक्मरानों के आधिपत्य से पूर्णतः मुक्त जनतंत्र के तहत पाकिस्तान पल्लवित हो सकता है। जेहादी दहशतगर्दी ने ही पाकिस्तान को गृहयुद्ध में झोंक दिया है और उसकी अर्थव्यवस्था को कंगाली के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। पाक फौज को राष्ट्र सुरक्षा के कामों तक सीमित रहना चाहिए, उसे शासन व्यवस्था में शिरकत करने का मोह त्याग देना चाहिए। भारत के साथ पाकिस्तान के रिश्ते मधुर बन सकते हैं, यदि वह कश्मीर में सक्रिय जेहादी दहशतगर्दों का परिपोषण और परिपालन एकदम बंद कर दे। कश्मीर का सपना देखना बंद कर दे। तो मुमकिन है कि भारत के साथ शांतिवार्ता संपन्न हो जाए और कोई समाधान का रास्ता निकल सकता है। अन्यथा पाक अधिकृत कश्मीर को अपना अभिन्न भाग करार देने वाला, भारत कहीं बेहद परेशान होकर अपना सब्र ना खो बैठे, जिसकी बहुत बड़ी कीमत पाक़ को चुकानी पड़ सकती है। इस्लामिक देशों के कूटनीतिक रिश्ते उत्तरोतर भारत के साथ शक्तिशाली होते जाने के कारण पाक इस्लामिक दुनिया में भी अलग थलग पड़ता गया है। पाकिस्तान को राष्ट्र निर्माण पर ध्यान देना चाहिए।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित

**दर्शन**

**डॉ.गदाधर त्रिपाठी:** काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं।

# लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित

**प्रेरणा**

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूँढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलींः देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूँ। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूँ। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहाँ निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहाँ सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**विज्ञान की पढ़ाई का खर्च सस्ता किया जाए**

चंद्रयान-3 को चांद पर इसरो ने 23 अगस्त 2023 को सफलता से उतारकर देश का मान बढ़ाया है। इसी तारीख को यादगार बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 अगस्त को अब राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने की जो घोषणा की है और जहां चंद्रयान-3 का मून लैंडर उतरा है, उस जगह को शिवशक्ति का जो नाम दिया, वो विज्ञान में रुचि रखने वाले युवाओं को और ज्यादा प्रेरित करेगा। इससे युवाओं की रुचि विज्ञान में बढ़ेगी। सरकार को चाहिए कि वो विज्ञान की पढ़ाई की तरफ गंभीरता दिखाए और जो विज्ञान के क्षेत्र में कुछ कर दिखाना चाहते हैं, उनकी हरसंभव मदद करे, ताकि विज्ञान की पढ़ाई करने वालों की संख्या बढ़े और विज्ञान की पढ़ाई करने के बाद उन्हें विदेशों का रुख न करना पड़े। *- रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# इजराइली हमलों से सीरिया का हवाई अड्डा क्षतिग्रस्त

इजराइल ने सोमवार को तड़के उत्तरी सीरिया के अलेप्पो शहर में स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर एक हवाईहमला किया, जिससे हवाईपट्टी क्षतिग्रस्त हो गई और हवाई सेवाएं ठप हो गईं। सीरिया के सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। देश की सरकारी समाचार एजेंसी एसएएनए ने सेना के एक अधिकारी के हवाले से कहा कि भूमध्य- सागर की ओर से आए इजराइली विमानों ने तड़के करीब साढ़े चार बजे हमला किया। हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एजेंसी के मुताबिक, इस साल मार्च में दो हमले सहित कई बार हवाईअड्डे को निशाना बनाया गया, जिसकी वजह से सेवाएं पहले भी ठप हुई थीं। हमले पर इजराइली



अधिकारियों ने कोई त्वरित टिप्पणी नहीं की है। इजराइल ने हाल के कुछ वर्षों में सीरिया में सरकार के नियंत्रण वाले हिस्सों को निशाना बनाकर सैकड़ों हमले किए हैं, जिनमें दमिश्क और अलेप्पो हवाईअड्डों पर हमले भी शामिल हैं। हालांकि इजराइल ने कभी भी इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली और न ही इन पर चर्चा की। इन हमलों में अक्सर सीरियाई सैन्य बलों या ईरान समर्थित समूहों को निशाना बनाया गया।

## ऑफ बीट

# डिमेंशिया जिसका कोई इलाज नहीं

पैंसठ वर्ष की एक महिला अपनी कमजोर होती याददाश्त के लिए बार-बार इलाज कराती हैं। पहले तो उन्हें बताया गया कि इसमें चिंता की कोई बात



नहीं है, फिर एक साल बाद कहा गया कि यह 'सामान्य रूप से बुढ़ापा है।' आख़िरकार, समझ में आयाः 'यह अल्जाइमर है जिसका कोई इलाज नहीं है।' इस तरह के परिदृश्य बहुत आम हैं। काफी हद तक डिमेंशिया का पता नहीं चल पाता है, कनाडा जैसे उच्च आय वाले देशों में भी, जहां पता न चलने वाले मामलों की दर 60 प्रतिशत से अधिक है। मान्यता है कि बुजुर्गों में संज्ञानात्मक हानि सामान्य है और चिकित्सकों में डिमेंशिया के लक्षणों और जांच मानदंडों को लेकर ज्ञान की कमी को इसकी शुरुआत में पहचान नहीं होना और देर से पता चलने के मुख्य कारण के तौर पर पहचाना गया है। आयु से संबंधित स्मृतिलोप को केवल सामान्य उम्र बढ़ने का हिस्सा मानकर अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। कभी-कभी यह भूल जाना कि हमने कार कहां खड़ी की थी या हमने अपनी चाबी कहां छोड़ी थी, ऐसा हर किसी के साथ हो सकता है, लेकिन जब ऐसी स्थितियां बार-बार होने लगती हैं तो चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी होता है।

## ट्रेंड

### स्वर्णिम पृष्ठ जोड़ा



विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बनकर नीरज चोपड़ा ने भारतीय खेलों के इतिहास में एक और स्वर्णिम पृष्ठ जोड़ा। बुडापेस्ट में भाला फेंक फाइनल में उनका शानदार प्रदर्शन हमारे लाखों युवाओं को प्रेरित करेगा।

-द्रौपदी मूर्मू, राष्ट्रपति

### बधाई हो नीरज



स्वर्णिम थ्रो के लिए बधाई, नीरज। आपके भाले का प्रक्षेप पथ कई मायनों में आने वाले वर्षों में भारत की खेल सफलता का प्रक्षेप पथ तय कर सकता है। आपकी सफलता से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। मेरी शुभकामनाएं और आशीर्वाद।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### चांद की शूटिंग



क्या? कब? कहां? विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय पुरुष 4x400 रिले टीम को देखकर ऐसा लगता है जैसे हर कोई अब चांद की शूटिंग कर रहा है, उन्हें देखो भागो, हमारे चीते।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### अध्यापकों की प्रजाति



देश में ये अध्यापकों की भला कौन सी प्रजाति पैदा हो रही है जो अपने विद्यार्थियों को पीट-पीट कर ही ज्ञानवान बनाना चाहती है? आए दिन ऐसी खबरें सुनने को मिल रही है। ऐसे अध्यापकों को तो शिक्षा देने के काम से आजीवन वंचित रखना चाहिए।

-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि



## आज 4 घंटे बिजली बंद रहेगी: मानसरोवर, सांगानेर और प्रतापनगर सहित 30 से अधिक इलाके होंगे प्रभावित

**जयपुर, (चमकता राजस्थान)।** राजधानी जयपुर में आज कई इलाकों में 3 से 4 घंटे तक बिजली गुल रहेगी। इनमें मानसरोवर, सांगानेर और प्रतापनगर सहित 30 से अधिक इलाके शामिल हैं। बिजली कंपनी यहां मेंटेनेंस करेगी। इससे सप्लाई नहीं हो पाएगी। बिजली कंपनी के अनुसार, मंगलवार को अलग-अलग शिफ्ट में मेंटेनेंस होगा। इस कारण बिजली की सप्लाई नहीं हो पाएगी। ऐसे में लोग अपने जरूरी काम पहले से निपटा लें। ताकि, उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

**सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक :** जनता मार्केट S/S, झूलेलाल मंदिर, कंवर नगर, पानो का दरीबा, पुराना आमेर रोड, राई जी का घेर, चाणक्य मार्ग, शंकर - गुर्जर की गली, ताल कटोरा, नदी एरिया, जाट के कुंआ का रास्ता यज्ञशाला की बावड़ी, मोनी बाबा की बगीची, सीकर हाउस, सुभाष चौक, बान्दरी का नासिक, खंडार का रास्ता, कंवर नगर, जोशी कॉलोनी, पोड्रिक पार्क, गोविन्द देव कॉलोनी, चौगान स्टेडियम, राजा मल का तालाब, खवास जी का रास्ता, कामा हाउस, नारंगी बाई का चौक, जय लाल मुन्सी का रास्ता और आस पास का प्रभावित क्षेत्र । मानसरोवर क्षेत्र में पत्रकार कॉलोनी, भास्कर एन्क्लेव, रोडराम नगर, सुखीजा विहार, सीताराम विहार, खुशी विहार, टीबा वाली ढाणी, होटल क्लासिक, जगदीश नगर, पांचोलो की ढाणी, वर्धमान सरोवर प्रथम, विधानसभा नगर, महाराजा किशन सिंह नगर और आसपास का प्रभावित क्षेत्र। सांगानेर क्षेत्र में कीरो की ढाणी, पाश्वर्नाथ सिटी, तेजाजी की ढाणी, नारायण सिटी विहार, दुर्गा विहार, ज्योतिराव फुले, स्कूल हाजयवाला, मंगलम आनन्दा के आस पास का इलाका।

**प्रतापनगर क्षेत्र में सम्पूर्ण सेक्टर 6 और आसपास का क्षेत्र :** तिलक नगर क्षेत्र में प्रभु मार्ग, सहाय हॉस्पिटल के एम एस हॉस्पिटल, भाभा मार्ग, स्वेना गोकुल अपार्टमेंट, एम एच एस स्कूल, लक्ष्मीनारायण मंदिर, गुरुनानक पुरा, गीता बजाज मार्ग, हीरा पन्ना अपार्टमेंट, उनियारा हॉस्पिटल, आदर्श नगर क्षेत्र में सिंधी कॉलोनी और आस पास का प्रभावित क्षेत्र।

**सुबह 8 बजे से सुबह 10 बजे तक :** सेन्ट जेवियर स्कूल के पास सी-स्कीम, अशोक मार्ग सी-स्कीम के आसपास का इलाका।

**सुबह 10 बजे से सुबह 1 बजे तक :** जेके लोन अस्पताल के पास, नर्सिंग हॉस्टल के पास जे. एल.एन मार्ग, डिग्गी हाउस के पीछे विवेकानन्द मार्ग, सेन्ट पब्लिक स्कूल के पास सरोजनी मार्ग सी-स्कीम के आसपास का क्षेत्र।

**दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक :** शिव दास जी का रास्ता, बालानन्द की मोरी, तेजाजी की बगीची, जुगल जोड़ी, हरिजेठ का चौक, पुरानी बस्ती, हनुमान मंदिर, पशु चिकित्सालय, माली मोहला, खंडाका हाउस, माली मोहल्ला अंदर, मिर्च वाला, बालानन्द जी का रास्ता, उनियारो का रास्ता, बगरू वालों का रास्ता, सनी प्लाजा और आस पास का प्रभावित क्षेत्र।

## सार्वजनिक निर्माण विभाग की पदोन्नति बैठक आयोजित

**जयपुर, (चमकता राजस्थान)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग सदस्य जसवंत सिंह राठी की अध्यक्षता में सोमवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग की पदोन्नति समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल- मुख्य अभियंता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता एवं सहायक अभियंता पदों हेतु वर्ष 2023-24 के पदोन्नति प्रकरणों पर विचार के लिए नियमित डीपीसी तथा अधिशाषी अभियंता के वर्ष 2010-11 से 2016-17, 2020-21 से 2022-23 एवं अधीक्षण अभियंता के पदों हेतु वर्ष 2021-22 व 2022-23 के पदौन्नति प्रकरणों पर विचार के लिए रिव्यु डीपीसी का आयोजन गया। बैठक में प्रमुख शासन सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग वैभव गालरिया, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अजमेर राजेन्द्र सिंह, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग संजीव माथुर सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## राज्यपाल ने राजराजेश्वर मंदिर में रुद्राभिषेक किया



**जयपुर, (चमकता राजस्थान)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को राजभवन स्थित राजराजेश्वर मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। उन्होंने राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र सहित परिजनों के साथ महादेव की पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की।

### जनकल्याणकारी योजनाओं में राजस्थान बना मॉडल स्टेट मिशन

# 2030 से प्रदेश को बनाएंगे देश का अग्रणी राज्य : मुख्यमंत्री



**जयपुर, (चमकता राजस्थान)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को जोधपुर के बासनी में मरूधरा इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के जगशांति सभागार एवं लता रमेश पारेख स्किल डवलपमेंट सेंटर का लोकार्पण किया। उन्होंने यहां एंटरप्रेन्योर ''लोगो'' का अनावरण भी किया। गहलोत ने समारोह में कहा कि औद्योगिक विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी नीतियों और इण्डस्ट्री फ्रैंडली माहौल से प्रदेश में निवेश बढ़ा है। साथ ही, कुशल वित्तीय प्रबंधन से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार एवं आधारभूत संरचना विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में राजस्थान देश का मॉडल स्टेट बन गया है। उन्होंने कहा कि 11.04 प्रतिशत जीडीपी विकास दर के साथ राजस्थान का उत्तर भारत में प्रथम और देश में दूसरे स्थान पर रहना हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की मूल भावना के अनुरूप संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा एवं सराहना पूरे देश में हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में पहली बार स्वास्थ्य का अधिकार (आरटीएच) एक्ट, राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी, महंगाई राहत कैम्प, ओपीएस बहाली, अन्नपूर्णा फूड पैकेट, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना, गिग वर्कर्स वेलफेयर फंड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक सहित अन्य योजनाओं से आमजन को राहत मिली है। आगे भी योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई कमी नहीं रखी जाएगी।

**अब मिशन-2030, बनें भागीदार :** गहलोत ने कहा कि हम सभी ने मिलकर 5 वर्षों में राजस्थान की प्रगति को 4 गुना बढ़ाया है। अब इसे 10 गुना बढ़ाने और राजस्थान को हर क्षेत्र में देश का सिरमौर बनाने की दिशा में मिशन-2030 का शुभारम्भ किया है।

## राजस्थान में हो रहा बीस सूत्रीय कार्यक्रम का बेहतरीन क्रियान्वयन - बीसूका अध्यक्ष



**जयपुर, (चमकता राजस्थान)।** बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. चंद्रभान ने कहा कि राजस्थान में बीस सूत्रीय कार्यक्रम का बेहतरीन क्रियान्वयन हो रहा है। सभी बिन्दुओं में ना केवल लक्ष्य निर्धारित अवधि में हासिल किया गया बल्कि कई बिन्दुओं में तो तय लक्ष्य से भी कहीं अधिक प्रदर्शन किया गया है। यही कारण है कि बीसूका कार्यक्रम के क्रियान्वयन में राजस्थान देश में अव्वल राज्य है।

डॉ. चन्द्रभान सोमवार को यहां जिला परिषद सभागार में जिला स्तर पर बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बीसूका उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में प्रत्येक बिन्दु की संबंधित विभाग के अधिकारी से प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई। बैठक में डॉ. चन्द्रभान ने अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों तक योजनाओं का फायदा पहुंचाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बीसूका गरीबी हटाने, कमजोर तबके के आर्थिक उत्थान एवं इनके आर्थिक शोषण को रोकने का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन पूरी जिम्मेदारी व ईमानदारी के साथ प्रभावशाली तरीके से राजस्थान में लागू करने के प्रयास किये जा रहा है। राज्य सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम तबके को भी विकास की मुख्यधारा में जोड़ा जाए। इसी सपने को साकार करने में बीस सूत्रीय कार्यक्रम अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। बैठक में बीसूका उपाध्यक्ष ने केन्द्र सरकार से बीसूका की राष्ट्रीय रैंकिंग जारी करने की मांग भी दोहराई।

**फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन की भी की समीक्षा :** बीस सूत्री कार्यक्रम उपाध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान ने जिलाधिकारियों से कहा कि वे राज्य सरकार की मंशानुसार फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्ति को दिलाए। उन्होंने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के पंजीयन एवं भुगतान की स्थिति, मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा एवं जांच योजना, मुख्यमंत्री की घोषणाओं की क्रियान्विति की प्रगति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री लघु प्रोत्साहन योजना, काली बाई भील मेधावी स्कूटी, देवनारायण स्कूटी, किसान मित्र ऊर्जा योजना, जल जीवन मिशन, वृहद पेयजल परियोजना, इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं इन्दिरा रसोई की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।



## राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के बीच बिजली के क्षेत्र में बढेगा सहयोग

**जयपुर, (चमकता राजस्थान)।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव व वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रिन्सिपल एडवाईजर राम सुभाग सिंह ने सोमवार को विद्युत भवन में राजस्थान के ऊर्जा परिदृश्य की जानकारी प्राप्त करते हुए दोनो राज्यों के बीच बिजली क्षेत्र में सहयोग बढाने को लेकर विद्युत निगमों के अधिकारियों से चर्चा की। विद्युत भवन में आयोजित बैठक में ऊर्जा विभाग के सलाहकार ए.के.गुप्ता, राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के प्रबन्ध निदेशक अनिल ढाका, राजस्थान ऊर्जा विकास निगम के प्रबन्ध निदेषक एम.एम.रणवा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के प्रबन्ध निदेशक अनिल ढाका ने रिन्यूएबल एनर्जी से विद्युत के उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु राजस्थान सरकार द्वारा किए जा रहे प्रभावी प्रयासों एवं जारी की गई नीतियों के फलस्वरुप देशभर में प्राप्त हुई उपलब्धियों के बारें में प्रजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। उन्होंने प्रदेश की अक्षय ऊर्जा नीति के तहत विकासकर्ताओं को दी जाने वाली रियायतें व विकासकर्ताओं द्वारा राज्य में निवेष हेतु किए गए एमओयू के बारे में बताया। इसके साथ ही ढाका ने राज्य में 2030 तक अक्षय ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य एवं अभी तक स्थापित परियोजनाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। राजस्थान ऊर्जा विकास निगम के प्रबन्ध निदेशक एम.एम.रणवा ने राज्य के विद्युत परिदृश्य के बारे में प्रजेन्टेशन दिया, जिसमें विद्युत की मांग, मांग में सीजनल वेरिएशन एवं विद्युत आपूर्ति हेतु किए गए प्रबन्धों के बारे में बताया। उन्होंने विद्युत की कुल स्थापित क्षमता व किन-किन क्षेत्रों से विद्युत की उपलब्धता होती है और राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली की खपत के बारे में भी जानकारी दी गई। बैठक में हिमाचल व राजस्थान की विद्युत की मांग के पैटर्न व विद्युत उपलब्धता के बारें मे अवगत कराया और दोनो राज्य परस्पर एक दूसरे की विद्युत मांग को पूरा करने में किस तरह सहायता कर सकते हैं इस पर भी विस्तार से चर्चा की गई। राम सुभाग सिंह ने ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान राज्य की नीतियों की वजह से निवेशकर्ताओं के बढ रहे रुझान व प्रभावी विद्युत प्रबन्धन की सराहना करते हुए कहा कि आज अधिकारियों के साथ अच्छा इन्टरएक्षन रहा। उन्होंने प्रदेश के कुशल विद्युत प्रबन्धन व ग्रिड के प्रभावी व्यावसायिक संचालन प्रक्रिया में भी विशेष रुचि दिखाई। सिंह ने सर्दी के मौसम में बिजली के क्षेत्र में दोनो राज्यों में सहयोग को बढावा देने के लिए हिमाचल के विद्युत विभाग के अधिकारियों की एक टीम को आगामी दिनों में भेजने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने बताया कि हिमाचल में सर्दी के मौसम में रात्रि के समय पीक रहता है जबकि राजस्थान में दिन के समय बिजली की अधिक मांग रहती है। इसलिए बैकिंग के जरिए 1000 मेगावाट बिजली के आदान-प्रदान की संभावना के लिए हिमाचल विद्युत विभाग के अधिकारी राजस्थान ऊर्जा विकास निगम के अधिकारियों के साथ वार्ता करगें।

## विजन डॉक्यूमेंट-2030 की तैयारी 12 जिलों में पेयजल क्षेत्र से जुड़े हितधारकों से विचार विमर्श आज

**जयपुर, (चमकता राजस्थान)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देशानुसार वर्ष 2030 तक राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाने के उद्देश्य से विजन डॉक्यूमेंट-2030 तैयार करने के लिए पेयजल क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के साथ विचार विमर्श की शुरूआत मंगलवार से होगी।

अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय विचार विमर्श दोपहर 12 बजे यहां जल भवन में होगा। इसके अलावा प्रदेश के 12 जिलों- अजमेर, अलवर, भरतपुर, ब्यावर, दौसा, धौलपुर, डीग, नीमकाथाना, दूदू, बारां, बूंदी एवं बांसवाड़ा में मंगलवार को हितधारकों के साथ होने वाले विचार-विमर्श में प्रदेश में पेयजल सुविधाओं की वर्तमान स्थिति, आगामी वर्षों में स्वीकृत होने वाली अथवा प्रस्तावित परियोजनाओं, पेयजल के क्षेत्र में आमजन की अपेक्षाओं, विभागीय परिकल्पनाओं आदि के बारे में गहन विचार-विमर्श कर प्राप्त सुझावों का संकलन किया जाएगा।

हितधारकों से प्राप्त इन सुझावों को विभिन्न स्तर पर मंथन के बाद पेयजल सुविधाओं से जुड़े विजन 2030 दस्तावेज में शामिल किया जाएगा।

## आर-पार की लड़ाई के मूड में रेल यूनियन

## दूसरे मंडल के कर्मचारियों को जयपुर में लगाने का विरोध तेज, सड़क पर उतरने की चेतावनी

**जयपुर, (चमकता राजस्थान)।** जयपुर रेल मंडल के कर्मचारियों ने अपने ही विभाग के एक आदेश के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉयज यूनियन के मंडल अध्यक्ष के. एस. अहलावत ने बताया- जयपुर मंडल प्रशासन अजमेर मंडल से 50 सेट क्रू मेंबर को लोन पर लाने की प्रक्रिया कर रहा है। इसमें लोको पायलट गुड्स, असिस्टेंट लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर शामिल हैं। यूनियन इसका पुरजोर विरोध करती है।

**नियम-कायदे ताक पर रखे :** मंडल अध्यक्ष के. एस. अहलावत ने कहा- यूनियन, प्रशासन से नॉर्मल प्रक्रिया अपनाने का अनुरोध कर रही है। नॉर्मल प्रक्रिया ये है कि असिस्टेंट लोको पायलट का लोको पायलट में प्रमोशन हो। प्रशासन ये प्रक्रिया छोड़कर, नियम-कायदे को ताक पर रखकर जो कर रही है, यह कर्मचारियों के अधिकारों पर कुठाराघात है। जयपुर मंडल पर करीब 40 लोको पायलट ऐसे हैं, जिन्हें लोको पायलट गुड्स में प्रमोट किया जा सकता है। 30 से 40 सीनियर एएलपी प्रमोशन कोर्स पास हैं।

**प्रमोशन के अवसर हुए कम :** अहलावत ने बताया- हमने समय-समय पर प्रशासन को समस्याओं से अवगत करवाया है। इसमें पहले भी अजमेर मंडल से लोन पर लिए गए लोको पायलट्स को फुलेरा स्टेशन पर लगाया गया था। अजमेर मंडल की ओर से इन्हें वापस मांगने पर भी रेलवे ने संज्ञान नहीं लिया है। इससे जयपुर मंडल पर काम कर रहे एएलपी के प्रमोशन के अवसर कम हो गए हैं।

**50 प्रतिशत अब भी प्रमोशन से वंचित :** इसे लेकर हमने पिछले साल महाप्रबंधक से अनुरोध किया था। हमारे अनुरोध पर उन्होंने 130 असिस्टेंट लोको पायलट के प्रमोशन की अनुमति दी। उसमें से मात्र 50त्न के प्रमोशन हुए हैं। अभी भी 50त्न एएलपी एलपीजी में प्रमोशन के लिए इंतजार कर रहे हैं। उनका प्रमोशन पास है। फिर भी एडमिनिस्ट्रेशन की ओर से प्रमोशन नहीं दिया जा रहा है। इसके विपरीत लोको पायलट गुड्स को अजमेर से लाने की प्रक्रिया चल रही है।

# हैदराबाद से लौटे अधिकारियों ने आयुक्त को प्रशस्ति पत्र सौंपकर दी शुभकामनाएं



**जयपुर, (चमकता राजस्थान)।** राजस्थान हाउसिंग बोर्ड आयुक्त एवं सचिव अल्पा चौधरी को हैदराबाद से प्रशस्ति पत्र और सम्मान लेकर लौटे अधिकारियों ने भेंट कर प्रशस्ति पत्र सौंपे और शुभकामनाएं दी। आयुक्त एवं सचिव को आवासन मुख्यालय में हैदराबाद से लौटे उप आवासन आयुक्त प्रथम केसी ढाका, उप आवासन आयुक्त द्वितीय जेएस बुगालिया, उप आवासन आयुक्त एवं तकनीकी सलाहकार आयुक्त बीएल स्वामी तथा आवासीय अभियंता रोहित सिंह ने प्रशस्ति पत्र भेंट किए। श्रीमती चौधरी ने अधिकारियों से उनके अनुभवों को जाना और उनकी हौसला अफजाई भी की।

इस अवसर पर संपदा प्रबंधक दीपाली भगोतिया, मुख्य अभियंता (मुख्यालय) मनोज गुप्ता, अतिरिक्त नगर नियोजक अनिल माथुर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता विजय अग्रवाल, उप वित्तीय सलाहकार ओपी बुटोलिया सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि 25 अगस्त को हैदराबाद में राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को नरेडको (नेशनल रियल स्टेट डवलपमेंट काउंसिल) ने 25वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में रियल एस्टेट में उल्लेखनीय योगदान के लिए पूर्व आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा और राजस्थान आवासन मंडल को प्रशस्ति पत्र भेंट किए थे।

गौरतलब है कि आवासन मंडल पिछले चार वर्षों में मण्डल को कुल 37 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के अवार्ड मिल चुके हैं। इनमें मकान विक्रय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस, स्कॉच अवार्ड-2021, अवार्ड ऑफ एक्सीलेन्सी, नेशनल रियल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मान, नेशनल हाउसिंग अवार्ड, आई.बी.सी और 'स्टार ऑफ गवर्नेंस-गोल्ड अवार्ड' और नरेडको द्वारा दिए रियल एस्टेट कॉन्क्लेव जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड शामिल हैं।



## चौकी प्रभारी 10 हजार की रिश्वत लेते ट्रेप

**झुंझुनूं, (दैनिक अधिकार)।** झुंझुनूं एसीबी ने सोमवार को 10 हजार रुपए की रिश्वत के मामले में हेड कॉन्स्टेबल को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी झुंझुनूं के पचेरी थाना की भालोठ चौकी का इंचार्ज है। यह कार्रवाई एसीबी झुंझुनूं के स्क्क इस्माइल खान के नेतृत्व में की गई। डीएसपी इस्माइल खान ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रमेश कुमार है। वह झुंझुनूं के सूरजगढ़ के चिमा का बास का रहने वाला है। झुंझुनूं के पचेरी थाना के अन्तर्गत भालोट में चौकी प्रभारी के पद पर कार्यरत है। उसके खिलाफ ढाणी भालोठ, झुंझुनूं निवासी राकेश कुमार ने एसीबी में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता राकेश कुमार ने बताया कि उसने बाइक की छीना-झपटी की रिपोर्ट पचेरी थाने में दी थी।

## कोटा में बढ़ते आत्महत्या के मामलों पर बोले मंत्री- बंद हो कोचिंग सिस्टम, पीएम मोदी लेकर आए पॉलिसी

**जयपुर, (दैनिक अधिकार)।** कोटा में बढ़ते आत्महत्या के मामलों को लेकर राजस्थान में चारों तरफ चर्चा बनी हुई है। इन बढ़ते मामलों पर मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और महेश जोशी ने बयान दिया है कि देश में कोचिंग सिस्टम बंद हो इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक नीति लेकर आए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसे लेकर एक पॉलिसी बनानी चाहिए जिससे देश में कोचिंग संस्थाएं पर प्रतिबंध लगे। इन बढ़ते मामलों पर शिक्षा मंत्री बी डी कल्ला ने कहा कि सरकार द्वारा तय किए गए सिस्टम के अनुसार 2 महीने तक कोई टेस्ट नहीं होना चाहिए और सुसाइड के बारे में सोचना भी पाप है और ये करना महापाप है।



**पिछले 24 घंटे में 2 आत्महत्या :** बीते दिन कोटा में एलेन कोचिंग में आत्महत्या के दो मामलें सामने आये जिसमें तैयारी करने वाले 2 छात्रों ने आत्महत्या कर ली है जिसमें एक छात्र रिलायबल व दूसरा एलन कोचिंग से नीट की तैयारी कर रहे थे।

**इस साल कुल 24 आत्महत्या :** एलन कैरियर इंस्टीट्यूट पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने जनवरी से अगस्त तक आठ माह में 17 विद्यार्थी आत्महत्या कर चुके है। वहीं कोटा में जनवरी से अगस्त कुल 24 विद्यार्थियों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

## जोधपुर में अत्याधुनिक बस स्टैंड का लोकार्पण

**जोधपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जोधपुर प्रवास का सोमवार को दूसरा दिन है। सोमवार को मुख्यमंत्री ने जोधपुर शहर को अत्याधुनिक बस स्टैंड की सौगात दी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने फीता काटकर बस स्टैंड का इनोग्रेशन किया। साथ में स्पीकर सीपी जोशी व परिवहन राज्य मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला भी मौजूद रहे।मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत और स्पीकर सीपी जोशी ने इलेक्ट्रॉनिक कार्ट से बस स्टैंड परिसर का अवलोकन किया। परिवहन राज्य मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला ने बस टर्मिनल की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भवन के निर्माण में 50.25 करोड़ रुपए का बजट लगाकर आधुनिक सुविधाओं से लैस बनाया गया है। उन्होंने बसों में छूट की भी जानकारी दी।

झ्र मुख्यमंत्री बोले- यह स्टैंड 5 साल पहले मिल जाता-बस स्टैंड के उद्घाटन के बाद सीएम अशोक गहलोत ने कहा- सबसे पहले शानदार सौगात केंद्रीय बस स्टैंड की बधाई। केंद्रीय मंत्री हो या विधायक मैंने मारवाड़ की भावना को आगे बढ़ाया है। हमारी सरकार बदलती है, वापस भी आती है लेकिन काम बंद नही करता। यह बस स्टैंड 5 साल पहले मिल जाता। पिछली सरकार की सोच नकारात्मक थी, हमारी सकारात्मक है। पिछली सरकार ने रिफाइनरी का काम रोका, 38 हजार करोड़ की रिफाइनरी 72 करोड़ की हो गई, जनता का पैसा खराब किया गया। सीएम ने कहा- उन्होंने जयपुर मेट्रो रोकी, राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर को रोका, मैंने साढ़े चार साल में 300 से अधिक कॉलेज खोले। नई बसें लगाई और ग्रामीण बस सेवा चलाई तो उन्होंने बंद कर दीं, पशु पालकों को सब्सिडी बंद कर दी। वे गो माता की बात करते हैं।

2014 से 2023 के बीच हुई क्षेत्रीय परिषदों की बैठकों के दौरान 1143 मुद्दों का समाधान निकाला गया

# क्षेत्रीय परिषदें विभिन्न क्षेत्रों में आपसी समझ, सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कारक साबित हुई

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श करने के लिए गांधी नगर में पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक आयोजित की गई। केंद्रीय मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुल 17 मुद्दों पर चर्चा की गई जिसमें से 9 का समाधान निकाल लिया गया। राष्ट्रीय महत्व के विषयों सहित शेष मुद्दों पर गहन चर्चा कर निगरानी के लिए रखा गया। बैठक में पूरे देश और विशेष रूप से सदस्य राज्यों से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ।

◆ भारत नेट से गांवों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी




### इन मुद्दों पर हुई चर्चा

जिनमें भूमि संबंधी मुद्दों का हस्तांतरण, जलापूर्ति, नीलाम की गई खदानों का संचालन, सामान्य सेवा केंद्र में नकद जमा सुविधा, बैंक शाखाओं/डाक द्वारा गांवों में बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाना, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराध/बलात्कार के मामलों की त्वरित जांच, बलात्कार और पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों की योजना का कार्यान्वयन, गांवों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए राज्यों द्वारा भारत नेट बुनियादी ढांचे का उपयोग, 5जी शुरू करने की सुविधा के लिए राज्यों द्वारा दूरसंचार नियम अपनाना, मोटर वाहन (वाहन स्क्रैपिंग सुविधा संशोधन का पंजीकरण और कार्य) नियम, 2022 पर अमल और प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को मजबूत करना शामिल है।

### सहकारिता को मजबूत करने के लिए 2 लाख पैक्स का गठन

केन्द्रीय गृह मंत्री ने क्षेत्रीय परिषद के सदस्य राज्यों से राष्ट्रीय महत्व के तीन मुद्दों- पोषण अभियान, स्कूली बच्चों की ड्रॉपआउट दर को कम करने और आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ हर गरीब तक पहुंचाने पर संवेदनशीलता के साथ काम करने को कहा। शाह ने कहा कि देश के 60 करोड़ लोगों को अर्थतंत्र के साथ जोड़ने का एकमात्र माध्यम सहकारिता है जिससे करोड़ों लोग देश की प्रगति में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश में 2 लाख नई पैक्स गठित करने से परिवर्तन आएगा।

### परिषदों की 23 और स्थायी समितियों की 29 बैठकें हुई

अमित शाह ने कहा कि 2014 से 2023 के बीच क्षेत्रीय परिषदों की कुल 23 और इनकी स्थायी समितियों की 29 बैठकें हुई, जबकि 2004 से 2014 तक क्षेत्रीय परिषदों की 11 और स्थायी समितियों की 14 बैठकें हुई थीं। उन्होंने कहा कि 2014 से 2023 के बीच हुई क्षेत्रीय परिषदों की बैठकों के दौरान 1143 मुद्दों का समाधान निकाला गया, जो कुल मुद्दों के 90 प्रतिशत से भी अधिक है, ये क्षेत्रीय परिषदों के महत्व को दर्शाता है। क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका की सराहना करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि यद्यपि क्षेत्रीय परिषदों की प्रकृति सलाहकार की है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में, क्षेत्रीय परिषदें विभिन्न क्षेत्रों में आपसी समझ, सहयोग और स्वस्थ समन्वय को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कारक साबित हुई हैं।

### पोर्टल का शुभारंभ किया

*इस अवसर पर शाह ने गृह मंत्रालय के अंतरराज्यीय परिषद सचिवालय के ई-रिसोर्स वेब पोर्टल **https://iscs-eresource.gov.in** का शुभारंभ किया। इस पोर्टल से क्षेत्रीय परिषदों के कार्य में सुगमता आएगी। बैठक में गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा के मुख्यमंत्रियों तथा दादरा व नगर हवेली और दमन व दीव के प्रशासक, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और अन्य मंत्रीगण, पश्चिमी क्षेत्र के सदस्य राज्यों के मुख्य सचिव, केन्द्रीय गृह सचिव, सचिव शामिल हुए।*

## खबर संक्षेप

### हिजाब सही से नहीं पहना तो किया गंजा



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के एक स्कूल में 14 छात्राओं को सिर्फ इसलिए गंजा करने का मामला सामने आया है क्योंकि उन्होंने हिजाब सही से नहीं पहन रखा था। हिजाब गलत ढंग से पहनने की सजा के तौर पर स्कूल मैनेजमेंट ने उन्हें गंजा करने का आदेश दे दिया। स्कूल के हेडमास्टर ने बताया कि हेडस्कार्फ सही से नहीं बांध रखा था।

### पवित्र छड़ी मुबारक यात्रा अमरनाथ के लिए रवाना



**पुंछ।** पुंछ में श्री दशनामी अखाड़ा मंदिर से हर्षोल्लास के साथ पवित्र छड़ी मुबारक यात्रा बाबा बुड्ढा अमरनाथ के लिए रवाना हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं इस कार्यक्रम में शामिल हुए। पुलिस और सुरक्षाबलों की तरफ से सुरक्षा की भी कड़ी व्यवस्था की गई है। सदियों से चली आ रही परंपरा आज भी निभाई जा रही है।

### राष्ट्रपति ने स्व. रामराव पर सिक्का जारी किया



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में स्वर्गीय श्री एन.टी. रामाराव के शताब्दी वर्ष पर स्मारक सिक्का जारी किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि स्वर्गीय श्री एन. टी. रामाराव ने तेलुगु फिल्मों कसे भारतीय सिनेमा और संस्कृति को समृद्ध किया है।

### घाटी की महिलाओं में जबरदस्त प्रतिभा



**श्रीनगर।** सेना की ओर से कश्मीर में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए आयोजित कश्मीर महिला क्रिकेट लीग के फाइनल में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने पहुंची भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा कि यहां की लड़कियों में जबरदस्त प्रतिभा है। उन्हें अब मौके मिलने की जरूरत है।

नूंह में 51 लोगों से हुई ब्रजमंडल यात्रा

## पुलिस सुरक्षा में मंदिर ले जाकर कराया जलाभिषेक

» बाहरी लोगों को एंट्री नहीं दी धारा 144 लागू, सीमाएं भी सील



एजेंसी ▶▶ नूंह

हरियाणा के नूंह में विश्व हिंदू परिषद , सर्वजातीय हिंदू महापंचायत और बजरंग दल के आह्वान पर हिंदू संगठनों की पैदल ब्रजमंडल यात्रा नहीं हो सकी। पुलिस नूंह बाइपास से 51 लोगों को पुलिस सिक्योरिटी में 3 गाड़ियों में लाई। उन्होंने पहले नलहरेश्वर मंदिर में जलाभिषेक किया। फिर गाड़ियो में उन्हें फिरोजपुर झिरका के रास्ते सिंगार स्थित राधाकृष्ण मंदिर पहुंचाया गया। वहां जलाभिषेक के बाद यात्रा का समापन हो गया। बता दें कि हिंदू संगठनों की यात्रा को सरकार और प्रशासन ने पहले ही परमिशन देने से इनकार कर दिया था। नूंह में बाहरी लोगों को मंदिर में एंट्री नहीं दी गई। सिर्फ स्थानीय लोग ही लोकल आईडी दिखाकर जा सके।

### हिंसा की तैयारी का मिला था इनपुट

नूंह में कर्फ्यू जैसा माहौल रहा। यहां के बाजार, स्कूल-कॉलेज सब बंद रहे। धारा 144 लागू कर दी गई है। नलहरेश्वर मंदिर से 1 किमी दूर हैं। सभी को आगे जाने से रोक दिया गया है। लोकल इंटेलिजेंस यूनिट के एक अधिकारी ने बताया कि हमारे पास ऐसा इनपुट है कि मंदिर के आसपास के इलाकों में हिंसा की तैयारी की गई है। इस वजह से किसी बाहरी व्यक्ति को मंदिर में जाने इजाजत नहीं थी।

### आमरण अनशन शुरू

*इससे पहले नूंह यात्रा में हिस्सा लेने अयोध्या से आए संत जगद्गुरु परमहंस आचार्य महाराज को प्रशासन ने गुरुग्राम सोहना टोल प्लाजा पर रोक दिया। इस कार्रवाई के विरोध में उन्होंने प्लाजा के पास ही आमरण अनशन शुरू कर दिया है। 31 जुलाई को ब्रजमंडल यात्रा के दौरान हिंसा हुई थी, जिसमें 2 होमगार्ड समेत 6 लोगों की मौत हो गई थी।*

### » सुरक्षा सख्त,एसएमएस बंद

हरियाणा पुलिस ने नूंह में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंधों का दावा किया है। संवेदनशील इलाकों पर ड्रोन से नजर रखी जा रही है। जिले की सारी सीमाएं 27 अगस्त से ही सील कर दी गई। हरियाणा से लगने वाले दिल्ली, राजस्थान और यूपी बॉर्डर भी सील हैं। सोनीपत में धारा 144 लगाई गई है। फरीदाबाद में भारी वाहनों की नो एंट्री की गई है। पूरे शहर में नाकाबंदी की गई है। जिले की सीमाओं पर भारी संख्या में पुलिसकर्मी और पैरामिलिट्री के जवान तैनात हैं जो आने-जाने वाली सभी गाड़ियों की तलाशी ले रहे हैं। वहीं, नूंह के स्कूल-कॉलेज, बैंक और दूसरे तमाम ऑफिस भी बंद हैं। सरकार ने मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस सेवाओं पर भी सोमवार रात 12 बजे तक के लिए बैन लगा रखा है।

हारी 160 लोकसभा सीटों पर जल्द उम्मीदवार उतारेगी भाजपा

## मप्र-छग में चुनाव से पूर्व कुछ सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुकी है भाजपा

▶▶ नई दिल्ली

भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने की रणनीति के चलते उन 160 सीटों पर जल्द ही उम्मीदवार मैदान में उतार सकती है जहां 2019 के पिछले चुनाव में पार्टी बड़े अंतर से हार गई थी। चर्चा है कि जिस प्रकार कुछ दिन पहले मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही भाजपा ने दोनों राज्यों में कुछ सीटों के लिए अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 160 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान इसी तर्ज पर किया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार भाजपा हाईकमान इस मुद्दे पर चर्चा के लिए जल्द ही बैठक बुला सकता है। इनमें ज्यादातर सीटें दक्षिण और पूर्वी राज्यों की हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र की भी कई सीटें है।

सूत्रों ने कहा है कि भाजपा अब चुनाव से बहुत पहले इनमें से कई लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा करने पर विचार कर रही है जिससे उम्मीदवार फायदा उठा सकें और उन्हें अपनी और पार्टी की स्थिति को मजबूत करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। इनमें से अधिकांश सीटें दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में हैं, जहां भाजपा ने अभी तक अपने दम पर सत्ता हासिल नहीं की है। शायद इसीलिए पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को लगता है कि यहां थोड़ी जल्दी होनी चाहिए। सूत्रों ने कहा कि इन कमजोर लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा पर अंतिम निर्णय इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के ठीक बाद लिया जा सकता है।

*160 में से ज्यादातर सीटें हैं दक्षिण और पूर्वी राज्यों की*



### हार-जीत के कम अंतर वाली सीटों पर है ध्यान

भाजपा ने देशभर की कुल 160 ऐसी सीटों का चयन किया गया है जहां पिछले चुनाव में हार मिली थी या फिर पार्टी का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था। इस बार के लोकसभा चुनाव में पार्टी का सबसे ज्यादा फोकस इन्हीं सीटों पर हैं क्योंकि ये सीटें हार और जीत के बीच के अंतर को कम या ज्यादा करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। सीटों को जीतने के लिए पिछले एक साल से ज्यादा समय से मशक्कत कर रही है। इन सीटों पर भाजपा लोकसभा प्रवास योजना के तहत काम कर रही थी। भाजपा इन सीटों पर कितना फोकस कर रही है, इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि पार्टी ने 160 सीटों को सी और डी कैटेगिरी में बांट रखा है। सी और डी कैटेगिरी में 80-80 सीटें रखी गई हैं।

### एक सितंबर को चर्चा के लिए जुटेंगे दिग्गज

सूत्रों के मुताबिक, 160 कमजोर सीटों वाली लोकसभा प्रवास योजना की सीटों पर तैयारी चौथे यानी अंतिम चरण में है। अब तक तीन चरणों में किए गए कामों में इन सी और डी कैटेगरी की सीटों पर प्रभारी मंत्री और राज्यों के कोऑर्डिनेटर ने उम्मीदवारों को लेकर भी अपना फीडबैक दिया है। एक सितंबर को कमजोर सीटों पर चर्चा यानी (लोकसभा प्रवास) के लिए पार्टी के दिग्गज नेता जुटेंगे। इसमें गृह मंत्री अमित शाह,पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष, कमजोर सीट पर काम करने वाली टीम के तीनों महासचिव, क्लस्टर के प्रभारी दर्जन भर केंद्रीय मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी रहेंगे।

### साल भर पहले ही केंद्र सरकार के 40 मंत्रियों को सौंप दी थी जिम्मेवारी

इस बैठक में भाजपा 2019 लोकसभा चुनाव में हारी हुई इन 160 सीटों पर चर्चा करेगी। पार्टी ने एक साल पहले ही इनको क्लस्टर में बांट कर, केंद्र सरकार के 40 मंत्रियों को जिम्मेवारी सौंपी थी और सभी को इन 160 सीटों को जीतने के लिए फुल प्रूफ प्लान बनाने के लिए कहा था। एक सितंबर को बुलाई गई बैठक में अब इन सीटों पर अंतिम रणनीति तैयार होगी। इन सीटों पर समय से पहले उम्मीदवारों के नाम का एलान करना चाहती है ताकि उम्मीदवारों को लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए अच्छा खासा समय मिल सके।

63 वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी

### ललित कला अकादमी में 20 कलाकार हुए पुरस्कृत



**नई दिल्ली।** 63वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी (एनईए) का उद्घाटन प्रसिद्ध अभिनेता मनोज जोशी ने किया। ललित कला अकादमी के अध्यक्ष प्रो. वी. नागदास ने इसकी जानकारी दी। कमानी ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में प्रसिद्ध लेखक, निर्माता, निर्देशक, अभिनेता और चाणक्य का किरदार निभाने वाले चंद्रप्रकाश द्विवेदी विशेष अतिथि और प्रख्यात समकालीन कलाकार वासुदेव कामत सम्मानित अतिथि रहे। ललित कला अकादमी के अध्यक्ष प्रो. वी. नागदास की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन समारोह में 20 राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। इस पुरस्कार के तहत एक पट्टिका, प्रमाण पत्र और 2 लाख रुपये नकद प्रदान किए जाते हैं। प्रो. नागदास ने कहा कि राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी देश का सबसे प्रतिष्ठित कला कार्यक्रम है और अकादमी पुरस्कार कलाकारों को नाम और प्रसिद्धि के साथ-साथ भविष्य के लिए अवसर भी प्रदान करता है। ललित कला अकादमी अपने 69 वर्षों के इतिहास में पिछले 63 वर्षों से राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का आयोजन कर रही है। 1954 में स्थापित, ललित कला अकादमी ने हाल ही में (5 अगस्त 2023) को अपना 69वां स्थापना दिवस मनाया था। विजेताओं का चयन दो स्तरीय निर्णायक मंडल द्वारा किया जाता है।

मुकेश अंबानी ने कहा- भारत न थकने वाला है न रुकने वाला

## गणेश चतुर्थी पर होगा जियो एयर फाइबर लॉन्च, अब इंश्योरेंस भी बेचेगी रिलायंस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज 19 सितंबर यानी गणेश चतुर्थी पर 'जियो एयर फाइबर' लॉन्च करेगी। यानी बिना वायर के फास्ट ब्रॉडबैंड मिल सकेगा। रिलायंस इंश्योरेंस बिजनेस भी उतरने वाली है। कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने 46वीं एनुअल जनरल मीटिंग में ये ऐलान किया। वहीं, रिलायंस के बोर्ड में आकाश अंबानी, अनंत अंबानी और ईशा अंबानी को नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। साथ ही मुकेश अंबानी, अगले 5 साल तक आरआईएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर बने रहेंगे। नीता अंबानी ने बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। रिलायंस रिटेल अब दुनिया के टॉप 10 सबसे ज्यादा विजिटेड रिटेलर्स में से एक है। अब जियो के 45 करोड़ से ज्यादा यूजर हो गए हैं।

### बिना वायर के फास्ट ब्रॉडबैंड मिल सकेगा

*नीता अंबानी का बोर्ड से इस्तीफा। मुकेश बने रहेंगे 5 साल तक चेयरमैन, आकाश, अनंत अंबानी और ईशा की बढ़ी जिम्मेदारी।*



रिलायंस एजीएम में ये बड़े ऐलान...

### जियो एयर फाइबर में ऑप्टिकल फाइबर की जरूरत नहीं

*जियो एयर फाइबर में ऑप्टिकल फाइबर की जरूरत नहीं होगी। यह एक 5जी वाई-फाई सर्विस है। इसमें 1जीबीपीएस तक की हाईस्पीड इंटरनेट सर्विस मिलने की उम्मीद है। जियो अपने एयरफाइबर प्लान को अन्य कंपनियों के मुकाबले कम कीमत में लॉन्च कर सकता है। ये एक दिन में 1,50,000 कनेक्शन प्रोवाइड कर सकता है।*

### लाइफ, जनरल और हेल्थ इंश्योरेंस प्रोडक्ट्स लेकर आएगी जियो

अंबानी ने कहा कि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज इंश्योरेंस सेक्टर में एंटर करेगी। कंपनी लाइफ, जनरल और हेल्थ इंश्योरेंस प्रोडक्ट्स लेकर आएगी। वहीं कंपनी ने दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी ब्लैकरॉक के साथ पार्टनरशिप की है।

पहले ही बुक कर लिए हैं सभी हेलीकॉप्टर

## दिसंबर में ही चुनाव करा सकती है केंद्र सरकार, ममता का बड़ा दावा



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा कि भाजपा दिसंबर में ही लोकसभा चुनाव करा सकती है। उन्होंने दावा किया कि भगवा पार्टी ने प्रचार के लिए सभी हेलीकॉप्टर बुक कर लिए हैं। तृणमूल कांग्रेस की युवा शाखा की रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आगाह किया कि भाजपा के तीसरे कार्यकाल से यह देश 'निरंकुश शासन' का सामना करेगा।

### तीसरी बार सत्ता में आई भाजपा तो होगा निरंकुश शासन

मुख्यमंत्री बेनर्जी ने राज्य में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोटों के लिए 'गैरकानूनी गतिविधियों' में लगे कुछ लोगों को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह 'कुछ पुलिसकर्मियों के समर्थन से' किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में आती है, तो देश को निरंकुश शासन का सामना करना पड़ेगा। आशंका है कि वे (भाजपा) दिसंबर 2023 में ही लोकसभा चुनाव करा सकते हैं।

हर सर्वे में तीसरी बार भी मोदी के पीएम बनने को चुनौती देने की रणनीति

## मुंबई बैठक से निकलेगा विपक्षी खेमे का स्वरूप, जीत के मंत्र पर होगा गहन विमर्श

नई दिल्ली

'इंडिया' गठबंधन के 26 विपक्षी दलों के नेता जब मुंबई में तीसरी बार संग साथ बैठेंगे तो क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध विपक्षी खेमे से किसी को प्रधानमंत्री का चेहरा बनाये जाने पर विचार होगा– जवाब है, नहीं। राहुल गांधी को विपक्षी दल मिलकर प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार बनायें, क्या छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की इस मांग पर बैठक में कोई विचार होगा– जवाब है, नहीं। विपक्षी गठबंधन के वरिष्ठतम नेताओं में शुमार एक नेता ने दो टूक कहा, अभी ऐसे सवालों का जवाब ढूंढे जाने से पहले कई अन्य जरूरी सवालों के जवाब पर विमर्श होना है। उनमें सबसे महत्वपूर्ण है, कौन सा दल कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा? सभी दल अपने-अपने झंडे के साथ चुनावी मैदान में होंगे, क्या विपक्षी गठबंधन को मजबूती देने के लिए कोई अलग से झंडे की जरूरत है? क्या किसी एक वरिष्ठ नेता को गठबंधन को समन्वयक नियुक्त किया जाना चाहिए? अगर, हां तो वो नेता कौन होंगे? पहले राकांपा सुप्रीमो शरद पवार के नाम पर सहमति थी, मगर उन्होंने सेहत के हवाले से इस जिम्मेदारी लेने को मना कर दिया था। तो फिर क्या बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस पद पर बिठाया जा सकता है? क्या तेलुगुदेशम पार्टी सहित अन्य दो दलों को विपक्षी गठबंधन में शामिल किया जाए? ऐसे ही कुछ सवालों पर मुंबई में आगामी 31 अगस्त की शाम और 1 सितंबर को पूरे दिन गहन चिंतन होना है।

### 11 सदस्यीय बनायी जा सकती है समन्वय समिति

पटना और बेंगलुरू के बाद मुंबई में इंडिया गठबंधन की बैठक में कुछ महत्वपूर्ण मसलों पर निर्णय होना है उनमें गठबंधन के सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के निर्माण और संचालन का विषय प्रमुख है। अपेक्षाकृत युवा नेताओं की एक टीम खड़ी की जा सकती है जो समय समय पर विभिन्न विषयों पर 'इंडिया' का प्रतिनिधित्व कर सके। शिवसेना के संजय राऊत, तृणमूल के डेरेक ओ ब्रॉयन, आप के संजय सिंह, सीपीएम के सीताराम येचुरी जैसे 11 नेताओं की एक उच्चाधिकार प्राप्त टीम का गठन किया जा सकता है। 'इंडिया' के ट्वीटर हैंडल का विमोचन भी मुंबई में किया जा सकता है।

### मोदी के नेतृत्व मे राजग मजबूत, गठबंधन के लिए करो या मरो

विपक्षी गठबंधन के बड़े चेहरों का आगामी लोकसभा चुनाव आखिरी चुनाव होगा। उम्र के लिहाज से कांग्रेस की सोनिया गांधी हों मल्लिकार्जुन खरगे, राकांपा के शरद पवार हों या जदयू के नीतीश कुमार, राजद के लालू यादव सभी प्रमुख नेताओं के लिए 2024 का लोकसभा चुनाव आखिरी माना जा रहा है। 2029 लोकसभा चुनाव के समय सभी नेता 75-80 की उम्र पार कर रहे होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलने वाले राजग गठबंधन में ऐसा कोई नेता नहीं जिसकी अपने दम पर अपने सूबे में पहचान हो। ओमप्रकाश राजभर हों या संजय निषाद, अनुप्रिया पटेल, जीतनराम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा, चिराग पासवान हों या फिर रामदास अठावले सहित राजग गठबंधन के अन्य छोटे दल, ये सब अपने अपने राज्यों के एक छोटे से हिस्से में तो असर रखते हैं, पर समूचे राज्य में नहीं, जब कि विपक्षी गठबंधन में ममता बनर्जी, लालू यादव, नीतीश कुमार, अखिलेश यादव, एमके स्टालिन, हेमंत सोरेन अपने अपने सूबे के बड़े नेता हैं, इसके बाद भी लोकसभा चुनाव में ब्रांड नरेंद्र मोदी निश्चित रूप से सब पर भारी पड़ता रहा है। यही वजह है कि विपक्षी दल के अगुआ इन नेताओं के लिए 2024 का आम चुनाव करो या मरो की स्थिति लेकर आया है। लगभग हर सर्वे में अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के करीब बेहद मजबूती से खड़े दिखाई दे रहे हैं। उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मप्र, छग, हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड और दिल्ली की कुल 245 सीटों में से 204 सीटें भाजपा के खाते में हैं इतना ही नहीं इनमें भी 160 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों को 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे, इस किले में कैसे सेंध लगाना है, विपक्षी बैठक का एजेंडा होगा।

## युवक ने खाने में जहर मिलाया, पत्नी-बेटे की मौत

### मासूम को तड़पता देख खुद ही हॉस्पिटल ले गया

**जयपुर।** जयपुर में एक युवक ने कर्जे से परेशान होकर परिवार सहित जहर खा लिया। पांच माह का मासूम बेटा जब जहर वाला हलवा खाने के कुछ मिनटों बाद तड़पने लगा तो पति-पत्नी बेटे और बेटी को लेकर महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचे। यहां इलाज के दौरान मां और बेटे की मौत हो गई। जबकि मासूम बेटी और युवक को सवाई मानसिंह हॉस्पिटल रेफर किया गया। वहीं, युवक के साले ने उस पर हत्या का केस दर्ज करवाया है। प्रताप नगर एसचओ जहीर अब्बास ने बताया कि घटना रविवार सुबह सेक्टर-26 में हुई। यहां के निवासी मनोज शर्मा (30) ने पत्नी साक्षी (28) और 5 साल की बेटी निया व 5 महीने के बेटे के खाने में जहर मिला दिया। इसके बाद उसने खुद ने भी जहर खा लिया। परिवार की तबीयत खराब होने पर मनोज ने कैब बुक करवाई। सुबह करीब 9:30 बजे कैब से पत्नी और दोनों बच्चों को लेकर महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचा। हॉस्पिटल प्रशासन ने परिवार के सामूहिक जहर खाकर पहुंचने की सूचना प्रताप नगर थाना पुलिस को दी। इलाज के दौरान साक्षी और 5 महीने के बेटे अथर्व की मौत हो गई। मनोज और उसकी बेटी की हालत देखते हुए डॉक्टर्स ने दोनों को एसएमएस हॉस्पिटल रेफर कर दिया।

### डायरी में लिखा सुसाइड नोट

पुलिस सूत्रों की मुताबिक, पुलिस को घर की तलाशी में एक डायरी मिली है। इसमें सुसाइड करने की कोशिश के बारे में बताया गया है। मनोज ने हलवे में जहर मिलाकर खुद और परिवार को खिलाया था। परिवार के सामूहिक सुसाइड करने से पहले सुसाइड नोट लिखकर डायरी में छोड़ा था। मनोज पहले ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी में जॉब करता था और अब पिछले काफी समय से बेरोजगार था।

# रक्षा बंधन कब:30 या31 अगस्त को कब रहेगा भद्रा का साया, जानिए राखी बांधने का मुहूर्त



चमकता राजस्थान

बालेर/ विशाल अग्रवाल,भाई बहन के प्रेम का पर्व रक्षा बंधन कब है। रक्षाबंधन पर्व को लेकर इस बार असमंजस की स्थिति बनी हुई है।कई जगह 30 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व मनाया जायेगा तो कई स्थानों पर 31 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व को लेकर दैनिक चमकता राजस्थान ने बात की बिचपुड़ी मिश्रान के ज्योतिषाचार्य पंडित बृजेश शरण शास्त्री से,ग्रह गोचर पंचागानुसार 30 अगस्त को सुबह 10 बजकर 58 मिनट से भद्रा लग जाएगी। जो रात को 9 बजकर 1 मिनट तक रहेगी इस साल भद्रा रक्षाबंधन के दिन पृथ्वी पर वास करेंगी। जिस कारण से भद्रा में राखी बांधना शुभ नही होगा।इस बार अधिक मास के चलते रक्षाबंधन समेत कई व्रत और त्यौहार देर होंगे।।

^भाई बहन के प्रेम का त्यौहार है रक्षाबंधन

रक्षाबंधन के त्यौहार को भाई बहन के आपसी प्रेम के रूप में बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। रक्षाबंधन पर बहनें अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधती है और उनकी लंबी आयु और सुख समृद्धि के लिए भगवान से कामना करती है। इसके बदले में भाई बहनों के जीवन में आने वाली हर एक मुसीबत से उनकी रक्षा करने के लिए संकल्प लेता है। रक्षाबंधन पर बहने भाई के माथे पर तिलक लगाते हुए आरती करती है,और मिठाई खिलाती है फिर भाई अपने बहनों को उपहार देते है।

^भद्राकाल में राखी बांधना अहितकारी
हिंदू पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष श्रावण माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जाता है इस बार सावन पूर्णिमा तिथि दो दिन यानी 30 और 31 अगस्त को पड़ रही है। साथ ही श्रावण पूर्णिमा तिथि पर भद्रा का साया भी रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कभी भी रक्षाबंधन का त्योहार भद्रा का साया रहने पर नहीं मनाया जाता है।

^भद्रा का 3 लोक में होता है वास

ज्योतिषाचार्य पंडित बृजेश शरण शास्त्री ने बताया कि वैदिक पंचांग की गणना के मुताबिक भद्रा का वास तीन लोगों में होता है।यानी भद्रा स्वर्ग, पाताल और पृथ्वी लोक में वास करती है। जब चंद्रमा कर्क, सिंह कुंभ और मीन राशि में मौजूद होते हैं तब भद्रा का वास पृथ्वी लोक पर होता है। पृथ्वी लोक में भद्रा का वास होने पर भद्रा का मुख सामने की तरफ होता है।ऐसे में इस दौरान किसी भी तरह का शुभ मांगलिक कार्य करना वर्जित होता है। भद्रा में किया गया शुभ कार्य भी कभी भी सफल नहीं होता है।

^^मंदिरो में 31 अगस्त को मनाया जाएगा रक्षाबंधन
सभी संप्रदाय के समस्त मंदिर देवालो में भी राखी 31 अगस्त को प्रात: काल ब्रहम मुहूर्त से लेकर सुबह तक राखी बंधेगी। वृंदावन में विराजमान बांके बिहारी मंदिर में भी रक्षा बंधन का पर्व 31 अगस्त को बनाया जाएगा जो पूरे दिन मान्य रहेगा। इसी दिन समस्त बहन अपने भाइयों की कलाइयों पर प्रभु को राखी धाराकर फिर अपने भाइयों के कलाइयों पर राखी बांधना शुभ रहेगा।

^31 अगस्त को रक्षा बंधन का शुभ मुहूर्त

शास्त्री ने बताया कि कोई अगर 30 अगस्त को राखी बांधना चाहते हैं वह रात्रि में 9:01 के बाद राखी बांध सकते हैं। अगर धर्म शास्त्र के अनुसार देखा जाये तो 31 अगस्त को राखी पर्व मानना श्रयस्कर रहेगा। श्रावणी कर्म 30 अगस्त पूर्णमासी के प्रारम्भ होने से पूर्व दो घंटे पर्व काल के अनुसार कर सकते हैं।


# आओ चले मालपुरा-रामनारायण कांजला



चमकता राजस्थान

चमकता राजस्थान ब्यूरो चीफ दीपचंद शर्मा मालपुरा, घाटी रोड स्थित नसिया के बालाजी मंदिर में 29 अगस्त मंगलवार को श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ एवं महाप्रसादी का विशाल कार्यक्रम का आज आयोजन किया जा रहा है जिसमें 50000 करीब भगतगणों के आने की संभावना है । अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष व जयपुर सरस डेयरी के डायरेक्टर रामनारायण कांजला ने सर्व समाज व भक्तगणों से ज्यादा से श्री हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ के विशाल कार्यक्रम में पहुंचने का आवाहन किया है ।

# पटवारी गिरदावर तहसीलदारों का पेन डाउन



चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट जिले के सभी उपखंड कार्यालयों पर किया धरना प्रदर्शन_राजस्थान राजस्व सेवा परिषद के बैनर तले जिले भर में पटवारी गिरदावर एवं तहसीलदारों ने राज कार्य संपादित नहीं किया एवं पेन डाउन रखा तथा जिले के समस्त उपखंड कार्यालयो पर धरना प्रदर्शन किया गया। पटवार संघ के जिलाध्यक्ष रामनिवास जाटव ने बताया कि राजस्थान राजस्व सेवा परिषद का 4 अक्टूबर 2021 को सरकार के साथ समझौता हुआ था। जिसकी क्रियान्विति नहीं की गई तत्पश्चात माननीय मुख्यमंत्री महोदय की उपस्थिति में 23 अप्रैल 2023 को समझौते के बिंदुओं की क्रियान्विति एक महीने के अंदर करने का आश्वासन दिया गया लेकिन आज तक समझौते के किसी भी बिंदु पर आदेश जारी नहीं हुआ इससे प्रदेश भर के समस्त पटवारी गिरदावर एवं तहसीलदारों में असंतोष व्याप्त है। एवं उन्होंने आदेश जारी होने तक राज्य कार्य नहीं कर कर पेन डाउन करने का निर्णय लिया है। जिसके अंतर्गत जिले भर में पेन डाउन रखा गया। तहसीलदार सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह जाटव ,कानूनगो संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, पटवार संघ के जिला अध्यक्ष रामनिवास जाटव के नेतृत्व में जिले भर में समस्त उपखंड अधिकारियों को ज्ञापन सौंप गए

# मिनी सचिवालय शिव मंदिर में सात तरह के फूलों से किया श्रृंगार



चमकता राजस्थान

रामदास तरुण( ब्यूरो चीफ) जयपुर शिव मंदिर मिनी सचिवालय में सावन मास के चलते सोमवार को प्रदोष होने के उपलक्ष में पूरे मंदिर परिसर में भव्य सात तरह के फूलों से रंगोली बनाई गई। और भव्य श्रृंगार किया गया। विनोद सिंह पवार ने बताया कि मंदिर परिसर में भव्य लाइट से सजावट की गई तथा सभी शिव भक्तों को शाम को आरती के पश्चात राजेंद्र शर्मा के सहयोग से प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें सभी शिव भक्त सैकड़ो के तादाद में एवं कर्मचारी और अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

# राजस्थान युवा महोत्सव के विजेताओं को अवसर प्रदान किये जायें - जिला कलक्टर



चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट धौलपुर, 28 अगस्त। जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने राजस्थान मिशन 2030 अभियान के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों से सभी विभागों की तैयारियों, बैठकों की जानकारी ली तथा इस संबंध में 31 अगस्त को आयोजित होने वाले कार्मिक सम्मेलन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उच्च शिक्षण उच्च शिक्षा विभाग को छात्रों के राजस्थान मिशन 2030 को लेकर भाषण प्रतियोगिता आयोजित कराने के निर्देश दिये।
जिला कलक्टर ने कहा कि जिन लाभार्थियों का पालनहार योजना का वार्षिक सत्यापन एवं नवीनीकरण नहीं हुआ है उनके शत प्रतिशत आवेदन पूर्ण कराये जायें। इस उद्देश्य हेतु संबंधित विद्यालयों के अध्यापकों का सहयोग लेने के निर्देश दिये। 1 सितंबर से शुरू होने वाले जिला स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेलों के आयोजन हेतु खिलाडियों के लिये भोजन एवं आवास की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि खेलों के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हेतु राजस्थान युवा महोत्सव के विजेताओं को प्राथमिकता दी जाये। उन्होंने फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए समस्त अधिकारियों को मॉनिटरिंग कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को संपर्क पोर्टल पर लंबित समस्त प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अंतर्गत पेंशनर्स के सत्यापन से लंबित मामलों का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपखण्ड अधिकारी धौलपुर मनीष कुमार जाटव, अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद शीशराम यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मेलें के आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्थायें करें सुनिश्चित - जिला कलक्टर



चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट देवछठ मेले व पहाड़ वाले बाबा के उर्स की तैयारियों को लेकर बैठक हुई आयोजित हुई। धौलपुर, आगामी 21 सितम्बर को जिला मुख्यालय पर स्थित मचकुण्ड सरोवर पर लगने वाले देवछठ मेला व पहाड़ वाले बाबा के उर्स की तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने नगर परिषद को मेला स्थल, परिक्रमा मार्ग व मुख्य मार्ग पर साफ सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मेला नियंत्राण कक्ष की स्थापना कर 3 पारियों में 24 घण्टे संचालित करने के निर्देश दिए। मेले के दौरान लाईट, सरोवर की सफाई, अस्थाई शौचालय लगवाना, सार्वजनिक सुलभ शौचालयों की सफाई, फायर विग्रेड की गाड़ियों की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरोवर के घाटों पर पर्याप्त प्रशिक्षित गोताखोरों को तैनात करने के निर्देश दिए। देवछठ मेले के दौरान दुकानों का आवंटन पूर्व में ही व्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए। मेला क्षेत्रा में पॉलीथिन के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मेले में कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए मेला मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की जायेगी। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को मचकुण्ड, पहाड़ वाले बाबा, आई टी आई व मेला ग्राउण्ड पर मेडिकल टीम आवश्यक दवाओं सहित नियुक्त करने के निर्देश दिए साथ ही आपातकालीन स्थिति के लिए एम्बुलेंस भी मौके पर तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के माध्यम से मेले के दौरान खाद्य पदार्थों के सेम्पल लेने के निर्देश दिए। उन्होंने मेले से पूर्व बिजली के ढीले तारों का दुरस्तीकरण, सड़कों का मरम्मतीकरण, शुद्ध पेयजल व्यवस्था तथा विभिन्न मार्गों पर वेरीकेट्स लगाने के निर्देश दिए। मेला स्थल व आसपास के क्षेत्रा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायेंगे। पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती मेला स्थिल पर की जायेगी। मेले के दौरान पुलिस कंट्रौल रूम व अस्थाई पुलिस चौकी बनाई जायेगी। यातायात व्यवस्था को सूचारू रखने के लिए प्रवेश व निकासी के लिए अलग अलग व्यवस्थायें की जायेंगी। मेले के दौरान सादा वर्दी में भी पुलिस जवान मौजूद रहेंगे, वॉच टॉवर के माध्यम से असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जायेगी। प्रत्येक पुलिस नाके पर ब्रेथ एनेलाइजर रखा जायेगा जिससे की नशा करने वालों की पकड़ हो सकेगी। उन्होंने पुलिस कंट्रोल के नम्बर मेला क्षेत्रा में जगह जगह चस्पा करने के निर्देश दिए जिससे आमजन को त्वरित पुलिस सहायता मिल सके। बैठक के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद शीशराम यादव, उपखण्डाधिकारी मनीष कुमार जाटव सहित मेला समिति सदस्य उपस्थित रहे

# योग के विद्यार्थियों ने जीते आठ स्वर्ण व दो रजत पदक



चमकता राजस्थान

चित्तौड़गढ़(अमित कुमार चेचानी)। खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार के योगासन भारत के तत्वावधान में आयोजित जिला योगासन खेलकूद प्रतियोगिता 2023 में मेवाड़ विश्वविद्यालय के योग विभाग के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण व 2 रजत पदक जीते। निंबाहेड़ा में रविवार को हुए इस आयोजन में जिले के लगभग डेढ़ सौ से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न वर्गों में इस जिलास्तरीय योगासन प्रतियोगिता ने भाग लिया। मेवाड़ विश्वविद्यालय की योग विभाग की विभागाध्यक्ष सुरभि शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में मेवाड़ विश्वविद्यालय के योग विभाग के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण व 2 रजत पदक जीते। जिसमें बप्पा बर्मन ने सीनियर ट्रेडिशनल व आर्टिस्टिक सिंगल में एक-एक स्वर्ण, फूलवन्ती गाडरी ने सीनियर गर्ल्स आर्टिस्टिक में स्वर्ण, ट्रेडिशनल सीनियर गर्ल्स में दुर्गा ने स्वर्ण व हर्षिता ने सिल्वर, आर्टिस्टिक सीनियर पेयर में हर्षिता व दुर्गा ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं रिदमिक पेयर में पायल व आद्धया ने स्वर्ण, आर्टिस्टिक सिंगल में आद्धया ने रजत पदक जीता।
विश्वविद्यालय के अल्टरनेटिव संकाय के डीन डॉ. ओम प्रकाश शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत के साथ तैयारी की। योग विभाग के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार गदिया व कुलपति डॉ. आलोक मिश्रा ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की तैयारी में योग विभाग के ट्रेनर बप्पा विश्वास व नैंसी लोदी का विशेष सहयोग रहा।

# युवा नेता कृष्णपाल सिंह चुण्डावत के जन्मदिवस पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित



चमकता राजस्थान

सोमवार 28 अगस्त(अमित कुमार चेचानी)। चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र से दावेदारी कर रहे काँग्रेस के कर्मठ एवं युवा नेता कृष्णपाल सिंह चुण्डावत के जन्मदिवस पर चित्तौड़गढ़ क्षेत्र में उनके मित्रगण एवं काँग्रेस के कार्यकर्ताओं तथा शहर के व्यापारिक ने अलग-अलग जगह माला व उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया एवं केक काट कर बधाइयां दी। साथ ही कृष्णपाल सिंह चुण्डावत ने सर्वप्रथम चित्तौड़गढ़ दुर्ग पर विराजित माँ कालिका, माँ बायण का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं वानरों को केले खिलाएं उसके पश्चात्त फिर शहर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। जहां शहर के व्यापारी रॉयल रजवाड़ा के एमडी प्रहलाद सिंह धरोल एवं उनके साथी, महाराजा शेरवानी हाउस के एमडी महेन्द्र सिंह एवं उनके साथी, चमत्कारी सांवलिया जी मन्दिर के यह महेन्द्रपाल सिंह एवं उनके साथियों ने आतिशबाज़ी कर जन्मदिन मनाया। साथ ही चुण्डावत ने क्षेत्र के विद्यालय में बच्चों को फल वितरित किए एवं चित्तौड़गढ़ से अपने निजी आवास होटल द अर्जुन बाग के यहां उनके साथियों तथा आसपास के युवाओ द्वारा आतिशबाज़ी कर जन्मदिन मनाया। यहां से बस्सी, चंदेरिया, शम्भुपुरा,सावा, कन्नौज, नाहरगढ, होड़ा चौराहा, कार्यक्रम में होते हुए भदेसर महादेव की शाही सवारी में भाग लिया एवं आवरीमाता होते हुए सांवलिया जी आदि जगहों पर कार्यक्रम में भाग लिया।

## सार समाचार

# बाप कॉलेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

राजकीय महाविद्यालय बाप में सोमवार को राजस्थान मिशन 2030 के आमुखीकरण के तहत एक कार्यशाला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए सहायक आचार्य डॉ योगेश शर्मा ने चिरंजीवी योजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ शर्मा ने कहा कि राजस्थान सरकार प्रदेश के नागरिकों को विभिन्न नवाचारों के माध्यम से जन जागरूक कर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में अग्रणी रही है। इसी क्रम में सरकार ने सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ प्रदेश के निजी अस्पतालों में भर्ती होने पर गुणवत्तापूर्ण निशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से तथा आमजन के खर्च को कम करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री चिरंजीवी बीमा योजना की शुरुआत की है। शिव कुमार ने मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के बारे में बताते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति, विशेष पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के बीपीएल प्रतिभावान विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु सरकार से 40 हजार की आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।कार्यवाहक प्राचार्य सुरेंद्र कुमार जांदु ने राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही जननी सुरक्षा योजना 2022 के बारे में बताते हुए कहा कि इस योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के सभी आवश्यक टेस्ट निशुल्क किए जाते हैं तथा घर से हॉस्पिटल पहुंचाने तक निशुल्क एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। इस योजना के अंतर्गत प्रसव के समय आर्थिक सहयोग भी दिया जाता है। इस मौके सहायक आचार्य कैलाश गढ़वाल, भेराराम आदि उपस्थित रहे।

# भारत को जानो लिखित प्रतियोगिता परीक्षा में झलका उत्साह

बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

भारत विकास परिषद द्वारा सोमवार को बाप ब्लॉक के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में भारत को जानो लिखित परीक्षा का आयोजन करवाया गया।बाप शाखा सचिव शिक्षाविद बुधराम सियाक़ ने बताया कि बाप क्षेत्र के 19 विद्यालयो के 1857 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। शाखा अध्यक्ष ओम राठी ने बताया की कनिष्ठ वर्ग व वरिष्ठ वर्ग में प्रथम व द्वितीय स्थान आने वाले विद्यार्थियों को सितम्बर माह में ब्लॉक लेवल पर क्विज प्रतियोगिता में बुलाया जाएगा। क्विज प्रतियोगिता बाप बालिका सीनियर में होगी।बबाप क्षेत्र में दूसरी बार यह प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। बाप राजकीय बालिका सीनियर, स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल, महात्मा गांधी, ज्ञान ज्योति सीनियर स्कूल, गुरु जम्भेश्वर विद्यालय सूरपुरा, जाम्बा ढाणी सीनियर, सीनियर सारणपूरा, सावरागाव, गाड़ना,बमोटाई, कानसिंह की सिडा, मालमसिंह की सिडा, श्रीरामपुरा, कानासर ढाणी सीनियर, नेवा कानासर, सोनलपूरा, कानासर गांव आदि में परीक्षा सम्पन्न हुई।

# हादसे को निमंत्रण दे रहे हैं खुले हॉल



बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

उपखंड मुख्यालय बाप से मंडोर जाने वाली डामर सड़क पर बने रेलवे के अंडर ब्रिज में पानी निकासी के लिए लगाए गए पाइप पर लगी हुई लोहे की जालियां अज्ञात चोर चुरा ले गए हैं। अब अंडर ब्रिज के दोनों तरफ बने हुए गड्ढे खुले पड़े हैं। यह खुले पड़े गड्ढे हर पल हादसे को निमंत्रण दे रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब एक माह से यह दोनों हाल गड्ढे खुले पड़े हैं। पूर्व में इनके ऊपर लोहे की जालियां लगी हुई थी, जिसके कारण ऊपर से वाहन आसानी से निकल जाते थे। अब रात्रि के समय इन खुले पड़े गड्ढो से कभी भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है। रेलवे विभाग के जिम्मेदारों को इस तरफ ध्यान देकर खुले पड़े गड्ढो पर पुनः लोहे की जालियां लगवानी चाहिए। यही हाल बाप से नमक उत्पादन क्षेत्र रिण जाने वाली सड़क पर कॉलेज के आगे बने हुए रेलवे अंडर ब्रिज का है। यहां पर भी पानी निकासी के लिए लगाए गए पाइप पर गड्ढे खुले पड़े हैं।

# गोदारा राष्ट्रीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष नियुक्त

बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान



बाप क्षेत्र के राणेरी निवासी अजयपाल गोदारा को राष्ट्रीय किसान संघ तहसील बाप का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष भाखरराम बिश्नोई ने बताया कि गोदारा पिछले लंबे समय से किसाने की समस्याओं को लेकर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे थे। इसे देखते हुए गोदारा को राष्ट्रीय किसान संघ तहसील बाप का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गोदारा को जल्द से जल्द कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। समाजसेवी अचलाराम, लखसिंह भाटी, पेमाराम रानेरी, भगवानराम डारा, भजनाराम चेनानी, भागीरथ खिलेरी ने गोदारा को अध्यक्ष नियुक्त करने पर खुशी जाहिर की है।

# राजस्थान राजस्व सेवा परिषद ने प्रारंभ की पेन डाउन हड़ताल

बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान



राजस्थान राजस्व सेवा परिषद व राज्य सरकार के बीच दिनांक 4 अक्टूबर 2021 के लिखित समझौते की क्रियान्विति करवाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार से राजस्थान राजस्व सेवा परिषद में पेन डाउन हड़ताल प्रारंभ कर दी। बाप में उपखंड कार्यालय के समक्ष राजस्थान राजस्व सेवा परिषद से जुड़े अधिकारियों व कार्मिकों ने धरना दिया। इस दौरान उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया की लिखित समझौते एवं नवीन मांगपत्र में कई बिंदुओं पर सहमति प्रदान की गई थी, जिसमे सीधी भर्ती के आरटीएस को सीधे तहसीलदार पद पर संस्थित करने तथा मंत्रालयिक कर्मचारी का

पदोन्नति कोटा समाप्त करने, वरिष्ठ पटवारी पद का विलोपन किया जाकट 9, 18, 27 पदोन्नति पद के अनुरूप चयनित वेतनमान लागू करवाने, पटवारी, भू अभिलेख निरीक्षक, नायब तहसीलदार व तहसीलदार पदों का कैडर पुनर्गठन किया जाकर नवीन पद सृजित करने, नायब तहसीलदार का पद शत प्रतिशत पदौन्नित पद घोषित करने, पटवारी के लिये स्थानान्तरण नियम 9 आईबी जो दिनांक 24.11.2020 को विलोपन किया गया था, उक्त नियम को पुन: बहाल करने, पटवारी की ग्रेड पे एल 8 किए जाने, आरएएस कैडर को रिव्यू किये जाने पर सहमति बनी थी तथा उक्त बिंदुओं पर एक से दो माह में आदेश जारी करने बाबत् सहमति प्रदान की गई थी। लेकिन चार माह से अधिक का समय व्यतित हो जाने के उपरान्त अभी तक एक भी मांग के संबंध में आदेश जारी नहीं किये गये हैं, जिसके कारण राजस्व सेवा परिषद के कार्मिकों पटवारी, भू अभिलेख निरीक्षक, नायब तहसीलदार व तहसीलदार में रोष व्याप्त हैं। राजस्व मण्डल अजमेर द्वारा नियमित डीपीसी नहीं की हैं तथा राजस्व सेवा परिषद की मांग अनुसार कैडर पुनर्गठन के प्रस्ताव नहीं भिजवाएं है। धरने में बाप तहसीलदार शिव प्रसाद शर्मा, पटवार संघ बाप अध्यक्ष अशोक बिश्नोई, आरआई हनुमान बिश्नोई, महिपाल बिश्नोई, भगवानसिंह, दिनेश गोदारा, जितेंद्र मीणा, अवधेश मीना, मनीषा बिश्नोई, भूराराम मेघवाल, सोहन राम, अशोक सुथार, रामस्वरूप पूनिया, जगदीश सेन, भोमराज पालीवाल, एडवोकेट देवीसिंह अखाधना आदि उपस्थित थे।

# उप जिला अस्पताल वैर को लेकर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

चमकता राजस्थान

वैर (राजवीर सिंह) उप जिला अस्पताल वैर कस्बे में ही बनवाने को लेकर कस्बे वासियों एवं बीजेपी कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम उपखण्ड अधिकारी ललित मीणा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि कस्बा वैर (भरतपुर) में काफी लम्बे समय से सीएचसी है जिसमें कस्बे सहित एक दर्जन से अधिक आसपास गांवों के लोग चिकित्सा सुविधाओं का लाभ लेने आते है। राजस्थान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बजट भाषण में कस्बा वैर के मुख्य स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) को मुख्यालय पर उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत किया गया जिसमें स्थानीय विधायक माननीय मंत्री पीडब्ल्यूडी विभाग के भजन लाल जाटव द्वारा हठधर्मिता व तानाशाही का प्रयोग कर कस्बे से 6 किलोमीटर दूर मोखरौली गांव के जंगलों (चारागाह) में बनवाया जा रहा है इससे कस्बेवासियो व आसपास से लगे दर्जनों गांवों के लोगों ने बेहद नाराजगी जनाक्रोश व्यक्त किया है और लोगों को बेहद कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। जबकि कस्बा वैर की आबादी लगभग तीस -पैतीस हज़ार के आसपास है। इतनी जनसंख्या के लोगों को 6 किलोमीटर दूर इलाज कराना बहुत कठिन है। इसलिए लोगों में काफी रोष व्याप्त है लेकिन स्थानीय विधायक मंत्री जी की तानाशाही के चलते ये सब किया जा रहा है और कस्बे के लोगों को उपेक्षित किया जा रहा है। जबकि मुख्यालय वैर से जुड़े दर्जन से अधिक गांवों की दूरी जहां मोखरौली में उपजिला अस्पताल निर्माण कराया जा रहा है जहां उनकी दूरी लगभग 20 किलोमीटर तय करनी पड़ेगी।

इससे ग्रामीण जनों को भी आने जाने में सुगम रास्ता भी नहीं है और काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। यदि मुख्यालय वैर पर ही निर्माण कराया जाए तो काफी लोगों को इससे बहुत लाभ होगा।काफी समय से सीएचसी वैर में सोनोग्राफी मशीन के लिए लोगों ने मांग उठाई और सरकार को ज्ञापन भी दिया लेकिन आज तक सीएचसी वैर में सोनोग्राफी मशीन नहीं लगाई गई जिससे पेट रोगी, प्रसूता महिलाओं को भी महगें दामों में भरतपुर, जयपुर बड़ी सिटियो में जाकर जांच करानी पड़ रही है जिससे मरीज का पैसा और समय बर्बाद हो रहा कई बार मरीज़ को मौत का भी सामना करना पड़ता है इसलिए सभी परेशानियों को ध्यान में रखते हुए ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से मांग की है। इस मौके पर आमजन वबीजेपी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता कमल सिंह धाकड़, महेंद्र सिंह जाटव, लक्ष्मी कान्त शर्मा, महीपाल जादो पूर्व पार्षद, दीपक कश्यप महामंत्री, वेद प्रकाश शर्मा, कमलकांत सैनी, लोकेश अग्रवाल, राखीलाल, पूरन महावर, डॉ पवन धाकड़, शुभम् , राघवेन्द्र सैनी, आकाश,संजय सोनी,अनिल कुमार जैन, रामबाबू शर्मा आदि मौजूद थे।

# नदबई में भाजपा विधानसभा स्तरीय बैठक का आयोजन

## मेरा परिवार-भाजपा परिवार अभियान के तहत उच्चैन बाजार से होते हुए निकाली बाइक रैली

**चमकता राजस्थान, भरतपुर** (राजवीर सिंह) नदबई विधानसभा में रविवार को भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें प्रवास पर आए उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा, जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल और संयोजक दौलत सिंह फौजदार के साथ स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का सीधा प्रसारण सुना तथा मेरा परिवार - भाजपा परिवार अभियान के तहत उच्चैन बाज़ार से होते हुए बाइक रैली निकाली गई। इस बैठक के संयोजक एवं स्थानीय युवा भाजपा नेता दौलत सिंह फौजदार तथा नदबई क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर



विचार - विमर्श किया गया तथा सभी को अलग - अलग कार्य दायित्व दिए गए। बैठक के दौरान नदबई वासियों के साथ उक्त सभी लोगों ने बड़े उत्साह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का सीधा प्रसारण सुना। इसके लिए क्षेत्र में एक बड़ी एलईडी दौलत सिंह फौजदार द्वारा लगवाई गई। इसके बाद मेरा परिवार - भाजपा परिवार अभियान के अंतर्गत दौलत सिंह फौजदार के नेतृत्व में उच्चैन बाज़ार से होते हुए एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में उच्चैन कस्बे और आसपास के लोगों ने भागीदारी की। बाइक रैली के माध्यम से भाजपा की रीति - नीति का प्रचार किया गया, तथा केंद्र सरकार के 9 वर्ष की प्रमुख योजनाओं के बारे में क्षेत्र के लोगों को जानकारी दी गई। बाइक रैली द्वारा मुख्यत: किसान, नौजवान और व्यापारी वर्ग के लिए भारत सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों से लोगों को अवगत करवाया गया। इसके उपरांत सभी लोगों ने साथ में भोज किया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के तौर पर कुंवर दुष्यंत, डॉ. अशोक, विधानसभा संयोजक रज्जन सिंह, विस्तारक रामू शर्मा, मंडल अध्यक्ष, महावीर डागुर, विक्रम सिंह, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, दिनेश भातरा, चिंतेश्वर गुर्जर, गोपाल चौहान तथा अनेक नदबई वासी सम्मिलित रहे।

# वोल्टेज की समस्या से कृषि कुंओ पर जल रही है मोटरे

## जीएसएस बारू के समक्ष किसानों ने किया प्रदर्शन

बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

बाप ब्लॉक की ग्राम पंचायत बारू क्षेत्र में कृषि कुओं पर पिछले लंबे समय से वोल्टेज की समस्या है। वोल्टेज की समस्या से त्रस्त किसानों ने सोमवार को जीएसएस बारू के समक्ष धरना देकर प्रदर्शन किया। किसान नेता महेंद्र सिंह भुट्टा ने बताया कि जीएसएस बारू पर क्षमता से अधिक कनेक्शन हो रखे हैं। इस वजह से कृषि कुओं पर वोल्टेज की समस्या रहती है। वोल्टेज की समस्या के कारण आए दिन कृषि कुओं पर मोटरे जल रही है, जिससे किसानों को खासा नुकसान हो रहा है। इस समस्या से डिस्कॉम के अधिकारियों व कर्मचारियों को कई दफा अवगत करवा दिया गया है, लेकिन वह इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसानों ने वोल्टेज की समस्या का स्थाई समाधान करवाने के लिए आकली में नया जीएसएस स्वीकृत करवाने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान महेंद्र सिंह भुट्टा, भगवान सिंह, लुंबाराम मेघवाल, राणीदानसिंह, देवीसिंह, भूर सिंह, मक़लाराम मेघवाल, भीम सिंह सहित अन्य किसान उपस्थित थे।



# टेकरा में आठ दिवसीय भागवत कथा 4 सितंबर से

बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

बाप क्षेत्र के टेकरा गांव में 4 सितंबर से आठ दिवसीय भागवत कथा प्रारंभ होगी। संत चंद्रशेखर महाराज भेलू में बताया कि कथा ठाकुर जी मंदिर परिसर टेकरा में प्रतिदिन दोपहर 12.15 से 4.30 बजे तक आयोजित होगी। कथा का वाचन संत आत्माराम महाराज करेंगे। प्रतिदिन रात्रि में 7.30 से 9.30 बजे तक नानी बाई के मायरा का वाचन किया जाएगा। कथा को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है।

# जयपुर में स्क्रीनिंग कमेटी 4 दिन हर बड़े नेता की राय लेगी

## सितंबर में टिकट घोषित करने की तैयारी, बड़े अंतर से हारने वालों के टिकट काटने का सुझाव

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** कांग्रेस सितंबर में टिकट घोषित करने की तैयारी कर रही है। प्रदेश चुनाव समिति के बाद अब स्क्रीनिंग कमेटी ने इसको लेकर काम शुरू कर दिया है। कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष और सदस्य अगले चार दिन तक लगातार बैठकें करके उम्मीदवार चयन पर फीडबैक लेंगे। इसकी शुरुआत सोमवार से हो गई है। कांग्रेस वॉर रूम में हुई स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक और इसके बाद वन टू वन फीडबैक में वरिष्ठ नेताओं ने उम्मीदवार चयन के मापदंडों पर खुलकर सुझाव दिए। बैठक में यह सुझाव आया कि पिछली बार बड़े अंतर से हारने वाली सीटों पर इस बार उम्मीदवार बदले जाने चाहिए। नेताओं ने पूर्व सांसदों को भी विधानसभा चुनाव लड़ाने का सुझाव दिया है। बैठक में कई नेताओं ने कहा कि बीजेपी पूर्व सांसदों को चुनाव लड़ाने पर विचार कर रही है। कांग्रेस में भी कई पूर्व सांसदों का अच्छा जनाधार है। उन्हें विधानसभा चुनाव में टिकट ?दिया जाना चाहिए। इसका फायदा होगा। सोमवार को प्रदेश चुनाव समिति के नेताओं के साथ जयपुर, अस्पताल रोड स्थित कांग्रेस वॉर रूम में लंबी चर्चा हुई। प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और वरिष्ठ नेताओं अब तक हुई एक्सरसाइज के बारे में स्क्रीनिंग कमेटी को जानकारी दी। सोमवार को प्रदेश चुनाव समिति के नेताओं के साथ जयपुर, अस्पताल रोड स्थित कांग्रेस वॉर रूम में लंबी चर्चा हुई। प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और वरिष्ठ नेताओं अब तक हुई एक्सरसाइज के बारे में स्क्रीनिंग कमेटी को जानकारी दी। मंत्री महेश जोशी और मुरारीलाल मीणा ने बैठक में कहा- ईस्टर्न कैनल प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं देने को चुनावी मुद्दा बनाया जाए। पूर्वी राजस्थान में 82 सीटें हैं। ईआरसीपी का मुद्दा अगर हमने तरीके से उठाया तो 82 सीटों पर यह गेम पलट सकता है। पूर्वी राजस्थान में अभी से ही कार्यकर्ताओं और नेताओं को इसे लेकर टास्क दिया जाए।

# नवल किशोर मीना (मोहनपुरा- सपोटरा) एवं सपोटरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के श्रद्धालुओं ने लगाए डिग्गी कल्याण पैदल यात्रा में कल्याण धणी के जयकारे

चमकता राजस्थान, सपोटरा, 27 अगस्त। डिग्गी कल्याण पैदल यात्रा में नवल किशोर मीना (मोहनपुरा- सपोटरा) एवं सपोटरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के श्रद्धालुओं के मन में आस्था और आंखों में विश्वास तो जुबान पर कल्याण धणी के जयकारे नजर आए।




सपोटरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बूढ़ा मंडावरा, खिरखिड़ा, चैनपुर, दलीलपुर, बीजलपुर, माँच, भडक्या एवं आसपास के अन्य गांव के हजारों की संख्या में श्रद्धालु मन में डिग्गी कल्याणजी के दर्शनों की ललक लिए पैदल यात्रा रवाना हुई। रंग-बिरंगी पोशाक में आए ग्रामीणों ने क्षेत्र की फिजां को ही बदल दिया। कुछ पदयात्री कनक दंडवत करते हुए भी आगे बढ़ रहे थे तो कुछ डीजे पर बज रहे भजनों की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे।डिग्गी कल्याण पहुंचने पर नवल किशोर मीना (मोहनपुरा- सपोटरा) ने श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत एवं सत्कार किया। नवल किशोर मीना (मोहनपुरा- सपोटरा) ने डिग्गी कल्याण जी के दर्शन किए और क्षेत्र वासियों के उज्जवल भविष्य, प्रगति एवं विकास की कामना की। दर्शन उपरांत नवल किशोर मीना (मोहनपुरा- सपोटरा) का सपोटरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के प्रमुख श्रद्धालुओं द्वारा साफा एवं माला पहनकर भव्य स्वागत किया गया। नवल किशोर मीना (मोहनपुरा- सपोटरा) ने सपोटरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के श्रद्धालुओं द्यको संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की धार्मिक यात्राओं का निरंतर आयोजन किया जाना चाहिए, जिससे सभी में आपसी सद्भाव, भाईचारा और भक्ति का भाव बना रहे। उन्होंने कहा कि मेरी डिग्गी कल्याण जी भगवान से यही मनोकामना है कि सपोटरा क्षेत्र और राजस्थान राज्य का निरंतर विकास और ख्याति दिनों-दिन बढ़ती रहे।

# हैदराबाद से लौटे अधिकारियों ने आयुक्त अल्पा चौधरी को प्रशस्ति पत्र सौंपकर दी शुभकामनाएं

## राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को दो श्रेणियों में मिले सम्मान

## आयुक्त ने अधिकारी और कर्मचारियों को मीठा मुंह कराकर बढ़ाया हौसला

चमकता राजस्थान, जयपुर, 28 अगस्त। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड आयुक्त एवं सचिव श्रीमती अल्पा चौधरी को हैदराबाद से प्रशस्ति पत्र और सम्मान लेकर लौटे अधिकारियों ने भेंट कर प्रशस्ति पत्र सौंपे और शुभकामनाएं दी। आयुक्त एवं सचिव को आवासन मुख्यालय %आवास भवन% में हैदराबाद से लौटे उप आवासन आयुक्त प्रथम श्री केसी ढाका, उप आवासन आयुक्त द्वितीय श्री जेएस बुगालिया, उप आवासन आयुक्त एवं तकनीकी सलाहकार आयुक्त श्री बीएल स्वामी, आवासीय अभियंता श्री रोहित सिंह ने संपदा प्रबंधक श्रीमती दीपाली भगोतिया, मुख्य अभियंता (मुख्यालय) श्री मनोज गुप्ता, अतिरिक्त नगर नियोजक श्री अनिल माथुर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विजय अग्रवाल, उप वित्तीय सलाहकार श्री ओपी बुटोलिया सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिकों की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र भेंट किए। उल्लेखनीय है कि 25 अगस्त को हैदराबाद में राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को नरेडको (नेशनल रियल स्टेट डवलपमेंट काउंसिल) ने 25वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में रीयल एस्टेट में उल्लेखनीय योगदान के लिए पूर्व आवासन आयुक्त श्री पवन अरोड़ा और राजस्थान आवासन मंडल को प्रशस्ति पत्र भेंट किए थे। श्रीमती चौधरी ने हैदराबाद से लौटकर आए अधिकारियों से उनके अनुभवों को जाना और उनकी हौसला अफजाई भी की। गौरतलब है कि आवासन मंडल पिछले चार वर्षों में मण्डल को कुल 37 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के अवार्ड मिल चुके हैं। इनमें मकान विक्रय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस, स्कॉच अवार्ड-2021, अवार्ड ऑफ एक्सीलेन्सी, नेशनल रियल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मान, नेशनल हाउसिंग अवार्ड, आई.बी.सी और 'स्टार ऑफ गवर्नेंस-गोल्ड अवार्ड' और नरेडको द्वारा दिए रियल एस्टेट कॉन्क्लेव जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड शामिल हैं।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवम 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली न.6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक: अभय सिंह चौहान, मोबाइल: 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)